
mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-291 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
21 अक्टूबर 2024 सोमवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



रोहित शर्मा से ...
@ पेज 7

**संक्षिप्त समाचार**

## एमपी में बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए शुरू हुई रेस!

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में वीडी शर्मा की जगह कौन लेगा। इस सवाल का जवाब खोजने के लिए बीजेपी ने संगठन चुनाव के लिए ग्वालियर के पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर को प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। बीजेपी के सदस्यता अभियान का दूसरा चरण 15



अक्टूबर को समाप्त हो गया है। सदस्यता अभियान के बाद अब संगठन चुनाव को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं। विवेक शेजवलकर की नियुक्ति के बाद माना जा रहा है कि संगठन चुनाव के लिए प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। वीडी शर्मा की जगह लेने के लिए बीजेपी के कई कद्दावर नेता लॉबिंग कर रहे हैं।

## यूएन में भारत के लिए रूस ने फिर दिखाई दोस्ती

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होना चाहिए। रूसी मीडिया



से बात करते हुए उन्होंने इसे वैश्विक बहुमत और समावेश के लिए जरूरी बताया। रूसी विदेश मंत्री ने कहा, भारत और ब्राजील जैसे देशों और अफ्रीका के प्रतिनिधियों को लंबे समय से सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होना चाहिए था। वैश्विक बहुमत का प्रतिनिधित्व और समावेश सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है।

## कश्मीर मैराथन में सीएम उमर 2 घंटे में 21 किमी दौड़े

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर यूनियन टैरिटरी के पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 4 दिन बाद रविवार को उमर अब्दुल्ला कश्मीर हाफ मैराथन रेस में दौड़े। श्रीनगर के पोलो स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखाने के बाद उन्होंने 21 किलोमीटर की दौड़ 2 घंटे में



पूरी की। उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर लिखा। आज खुद से खुश हूं। स्ट्रेस मिटाने के लिए ड्रग्स की जरूरत नहीं होती है। एक अच्छी दौड़ उत्साह और जोश से भरने के लिए काफी होती है, चाहे वह एक किलोमीटर की दौड़ हो या एक मैराथन हो। नशा मुक्त जम्मू और कश्मीर के लिए दौड़ना शुरू करना चाहिए। उमर ने कहा- 21 किलोमीटर दौड़े।

# 30 विमानों को धमकी के बाद ऐक्शन में मोदी सरकार

### डीजीसीए प्रमुख को हटाया, एनआईए और आईबी से मांगी रिपोर्ट

### एविएशन सिक्योरिटी चीफ ने कहा-हमारा आसमान बेहद सुरक्षित

**नई दिल्ली/मुंबई (एजेंसी)।** देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके चलते विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फिर पूरी जांच पड़ताल के बाद विमानों को रवाना किया गया। इसके चलते सैकड़ों यात्री घंटों परेशान हुए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सीआईएसएफ, एनआईए और आईबी को भी रिपोर्ट देने को कहा गया है। वहीं, देर शाम केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने डीजीसीए प्रमुख विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, एक साथ 30 धमकियां मिलने के बाद विमान कंपनियों के बड़े अधिकारियों ने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के अफसरों से मुलाकात की। ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल जुल्फिकार हसन ने उन्हें भरोसा दिलाया कि भारतीय आकाश पूरी तरह सुरक्षित है। हफ्तेभर में 200 करोड़ का नुकसान विमान में बम होने की सूचना मिलने पर फ्लाइट को अपने निर्धारित एयरपोर्ट के बजाय नजदीकी हवाई अड्डे पर उतारा जाता है। इससे ईंधन की खपत तो ज्यादा होती ही है, विमान की दोबारा जांच करने, यात्रियों को होटलों में ठहराने और उन्हें उनके मंजिल तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था करनी पड़ती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इन सब पर करीब 3 करोड़ रुपए तक खर्च हो जाते हैं।



## ड्रोन अटैक के जवाब में इजराइल का बेरूत पर हमला

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर शनिवार को हुए ड्रोन अटैक के बाद इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट



के मुताबिक, इजराइली सेना लेबनान में अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चला रही है। हिजबुल्लाह ने भी इजराइल के उत्तरी इलाकों पर कई रॉकेट हमले किए हैं। नेतन्याहू ने अपने घर पर हुए हमले को हिजबुल्लाह की भारी गलती करार दिया। नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि मेरी हत्या का ये प्रयास हिजबुल्ला को खत्म करने से नहीं रोक सकता।

## इजरायल-ईरान युद्ध से पंजाब के किसान परेशान!

- पंजाब से बासमती चावल के निर्यात पर असर, हो रहा भारी नुकसान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के बासमती चावल निर्यातकों के लिए ईरान और इजरायल के बीच चल रहा संघर्ष एक बड़ी मुसीबत बन गया है। इस वजह से बड़े ऑर्डर रुक गए हैं और बासमती 1509 के दाम पिछले कुछ हफ्तों में काफी गिर गए हैं। ईरान ने अपनी स्थानीय फसल को समर्थन देने के लिए 21 अक्टूबर से 21 दिसंबर तक बासमती चावल के आयात पर रोक लगा दी है। साथ ही, भारत में बीमा कंपनियों ने ईरान को होने वाले निर्यात को कवर करना बंद कर दिया है। इस अनिश्चितता के कारण चावल निर्यातकों ने ऑर्डर कम कर दिए हैं और इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। बासमती के दाम लगभग 800 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए हैं। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के अनुसार, भारत के 48,000 करोड़ रुपये के बासमती निर्यात में पंजाब का हिस्सा 40 फीसदी है। इसमें से लगभग 25 फीसदी बासमती ईरान को निर्यात की जाती है। 1718 किस्म के चावल की आवक शुक्रवार को माजा क्षेत्र की अनाज मंडियों में शुरू हो गई।



# राजस्थान में भीषण सड़क हादसा, 12 की मौत

### तेज रफ्तार बस ने टेंपो को मारी टक्कर, शादी समारोह से लौट रहा था परिवार

**धौलपुर (एजेंसी)।** धौलपुर में नेशनल हाईवे-11बी पर तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी है। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 1 बच्चा घायल हो गया। उसे धौलपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। मरने वालों में 8 बच्चे शामिल हैं। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। बस का भी आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी डेड बॉडी को बाड़ी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे बाड़ी उपखंड में हुआ। जानकारी के मुताबिक, बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी, गुमट के रहने वाले परिवार के करीब 15 लोग सरमथुरा इलाके के बरौली में बहन के घर भात भरने गए थे। शादी समारोह में शामिल होकर देर रात को सभी टेंपो से बाड़ी




लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे नेशनल हाईवे-11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास धौलपुर से जयपुर जा रही तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। इस दौरान हाईवे से गुजर रहे दूसरे वाहन सवार मौके पर रुके और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने टेंपो सवार लोगों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस भी क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इरफान उर्फ बंटी के मामा अलीमुद्दीन ने बताया- उनकी दो बहनें बाड़ी में रहती हैं, जबकि तीसरी बहन सरमथुरा थाना क्षेत्र के गांव बरौली में रहती है, जहां उसकी बेटी की शादी थी। भात भरने के लिए शनिवार को हम सभी बरौली गए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद इरफान का परिवार टेंपो में आगे निकल गया था, जबकि हम 5 लोग दूसरे टेंपो में पीछे आ रहे थे। सुन्नीपुर पहुंचने पर हादसे के बारे में जानकारी मिली। इरफान का पूरा परिवार इस दुर्घटना में खत्म हो गया और उसके भाई के बेटे की भी जान चली गई।

## स्वयंभू ज्योतिर्लिंग की प्रमाणिकता के लिए सर्वे जरूरी

- ज्ञानवापी के बंद तहखानों के सर्वे कराने पर फैसला सुरक्षित

**वाराणसी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के बंद तहखानों समेत पूरे परिसर, खासकर केंद्रीय गुंबद के नीचे टनल बनाकर एएसआई से सर्वे कराने की हिंदू पक्ष की अर्जी पर शनिवार को सुनवाई पूरी हो गई। करीब छह महीने तक सुनवाई चली। अदालत ने आदेश के लिए 25 अक्टूबर की तिथि नियत की है। सिविल जज (सीनियर डिविजन, फास्ट ट्रैक) युगुल शंभू की अदालत में बंद तहखानों समेत पूरे परिसर का एएसआई से सर्वे कराने की अर्जी पर शनिवार को हुई सुनवाई में अंजमन इंतजामिया मसाजिद कमिटी के





अधिवक्ताओं ने हिंदू पक्ष यानी वाद मित्र की ओर से उठाए गए बिंदुओं पर पक्ष रखा। अधिवक्ता रईस अहदम, एखलाक अहमद और मुमताज अहमद ने कहा कि अदालत के पूर्व आदेश के अनुपालन में एएसआई ने आराजी नंबर 9130 का सर्वे कर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। ऐसे में अतिरिक्त सर्वे की मांग का औचित्य नहीं है। इस मुकदमे में हाईकोर्ट ने भी अपने आदेश में अतिरिक्त सर्वे का निर्देश नहीं दिया है। एएसआई सर्वे रिपोर्ट पर हिंदू पक्ष ने न कोई आपत्ति दाखिल की है और न ही अभी तक अदालत में इस पर सुनवाई हुई है। पहले हुए सर्वे रिपोर्ट के डिस्पोजल के बिना अतिरिक्त सर्वे कराने की हिंदू पक्ष की ओर से अर्जी देना कानूनन गलत है। एजेंसी यह साफ कर चुकी है कि 50-60 फीट गहराई तक सर्वे किया जा सकता है। ऐसे में केंद्रीय गुंबद के नीचे सौ फीट गहराई में सर्वे का सवाल नहीं उठता है।

## महाराष्ट्र भाजपा ने 99 कैंडीडेट्स की पहली लिस्ट की जारी

- डिप्टी सीएम फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम, प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले कामठी से लड़ेंगे चुनाव

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए बीजेपी ने पहली सूची जारी कर कर दी है। इस सूची में बीजेपी ने कुल 99 कैंडिडेट के नाम घोषित किए हैं। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनावों के लिए वोट डाले जाएंगे। नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एक बार फिर नागपुर दक्षिण पश्चिम विधानसभा से मैदान में उतरेंगे। प्रदेश अध्यक्ष चंद्र शेखर बावनकुले कामठी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। महाराष्ट्र में विधानसभा की कुल 288 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में बीजेपी को 105 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। इस बार बीजेपी राज्य में एकनाथ शिंदे और अजित पवार की अगुवाई वाली शिवसेना और एनसीपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। बीजेपी की पहली सूची पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर को हुई बैठक में मुहर लगी थी। बीजेपी की लिस्ट के अनुसार, नागपुर दक्षिण से मोहन गोपालराव माते, नागपुर पूर्व से कृष्ण पंचम खोपड़े, तिरोरा से विजय भरतलाल रहांगडाले, गोंदिया से विनोद अग्रवाल, अमगांव से संजय हनवंतराव पुरम् को टिकट दिया गया है। इसके अलावा, बल्लारपुर से सुधीर मुनगंटीवार लड़ेंगे।

**कोलकाता रेप-मर्डर केस**

# ममता की डॉक्टरों से अपील अपना अनशन खत्म करें







- बोलीं-सभी लोगों को एक साथ नहीं हटा सकते हैं
- कहा-राजनीति से ऊपर उठकर अब काम पर लौटें

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में अनशन कर रहे डॉक्टरों से बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने अनशन खत्म करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की अधिकतर मांगें पूरी कर दी गई हैं, हालांकि लेकिन स्वास्थ्य सचिव को हटाने की मांग को अस्वीकार कर दिया। ममता ने कहा- हर किसी को विरोध का अधिकार है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। किसी विभाग में हर किसी को एक साथ हटाना संभव नहीं है। हमने पहले ही अधिकारियों को हटा दिया है, इसलिए राजनीति से ऊपर उठकर काम पर लौटें। ट्रेनी डॉक्टर के लिए न्याय और मेडिकल सुविधाओं में सुधार की मांग करते हुए जूनियर डॉक्टर पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। अब तक छह डॉक्टरों को खराब स्वास्थ्य के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आठ अन्य अनिश्चित कालीन अनशन पर हैं। डॉक्टरों की मांग है कि राज्य सरकार 21 अक्टूबर तक समस्या को सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाए। सोमवार को डॉक्टरों से मिलेंगी ममता बनर्जी चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत ने शनिवार शाम को डॉक्टरों को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सोमवार को स्टेट सेक्रेटेरिएट में 45 मिनट की बैठक में आने का आमंत्रण दिया।

# महाकुंभ 2025 के दौरान कोई भी श्रद्धालु नहीं सोएगा भूखा

- मुफ्त राशन उपलब्ध कराएगी योगी सरकार, स्थापित होंगे 5 गोडाउन
- क्षेत्र में 160 उचित दर वाली राशन की दुकानों की स्थापना की जाएगी

**प्रयागराज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ 2025 के दौरान यहां आने वाला कोई भी श्रद्धालु, कल्पवासी भूखे पेट नहीं सोएगा। योगी सरकार की ओर से इसके लिए मेला क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की गई हैं। पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का तो आयोजन किया ही जाएगा। साथ ही उन्हें मुफ्त राशन की सुविधा का भी लाभ मिलेगा। कई-कई दिनों तक महाकुंभ में रहने वाले कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के राशन कार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें राशन की सुविधा प्राप्त होगी। पहले से राशन कार्ड धारण करने वालों को भी राशन कार्ड दिखाने पर राशन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में कुल 160 उचित दर वाली राशन की दुकानों की स्थापना की जाएगी, जहां से दो बार (जनवरी-फरवरी) में राशन प्रदान किया जाएगा। राशन के भंडारण के



लिए 5 गोदाम भी स्थापित होंगे। इस पूरी परियोजना पर 43 करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की जाएगी। एडीएम मेला विवेक चतुर्वेदी के अनुसार, महाकुंभ के दौरान कई ऐसे श्रद्धालु आते हैं, जो कई-कई दिनों तक मेला में प्रवास करते हैं। इन्हें कल्पवासी कहा जाता है। ये अपना भोजन स्वयं पकाते हैं। इनकी सुविधा के लिए खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में उचित दर वाली कुल 160 राशन की दुकानें स्थापित की जा रही हैं। जहां न सिर्फ इनका राशन कार्ड बनाया जाएगा, बल्कि इन्हें राशन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिनके पास पहले से ही राशन कार्ड है, उन्हें भी सुविधा प्राप्त होगी। यह सुविधा दो बार यानी जनवरी और फरवरी 2025 में उपलब्ध कराई जाएगी। राशन की कमी न हो, इसके लिए मेला क्षेत्र के अंदर ही 5 गोडाउन भी स्थापित किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने रूस में अध्ययनरत एमबीबीएस छात्र की मृत्यु पर दुख्ख व्यक्त किया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रूस में अध्ययनरत मैहर जिले की रहने वाली एमबीबीएस की छात्रा सृष्टि शर्मा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुख्ख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंग पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजन को यह असीम दुख्ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत सरकार की सहायता से राज्य सरकार बेटी के पार्थिव शरीर को यथाशीघ्र परिवार तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत थी। मैहर निवासी डॉ. राम कुमार शर्मा की बिटिया सृष्टि का पार्थिक शरीर दिल्ली पहुंच गया है, जहां से राज्य सरकार की ओर से एयर एम्बुलेंस के माध्यम से सतना लाया जा रहा है।

### उद्यानिकी फसलों से किसानों की आय होगी दोगुनी-मंत्री श्री कुशवाहा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा ने आज जबलपुर में उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को भी बढ़ावा दिए जाने की अत्यधिक आवश्यकता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी फसलें किसानों की आय को आसानी से दोगुना करने में सहायक हो सकती हैं। मंत्री श्री कुशवाहा ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा खाद्य प्र-संस्करण की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को उद्यानिकी फसलों की खेती और खाद्य प्र-संस्करण के नए तरीकों से अवगत कराएं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। मंत्री श्री कुशवाहा ने अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को नई तकनीकों और संसाधनों का उपयोग करके अधिक लाभ कमाने का अवसर प्राप्त होगा।

### शहर में सांची दूध सप्लाई के लिए 5 नए रूट बनेंगे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** शहर की हर कॉलोनी व इलाके में सांची दूध की सप्लाई के लिए भोपाल दुग्ध संघ पांच नए रूट बनाएगा। यह नए रूट शहर चारों दिशाओं से सटे इलाकों के लिए बनाए जाएंगे। दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरपीएस तिवारी ने बताया कि हमने इसके लिए बाकायदा सर्वे कराया है। पिछले तीन-चार साल में शहर से सटे इलाकों में 100 से ज्यादा नई कॉलोनियां डेवलप हुई हैं। इन सभी कॉलोनी के रहवासियों को समय पर दूध उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। इन पांच नए रूट में नीलबड़, रातीबड़ के आगे एक रूट, नरेला शंकरी, कोकता इलाके से आग दो रूट, न्यू जेल रोड से आगे एक रूट, भैंसाखेडी से एक रूट मिलाकर पांच रूट बनाए जाएंगे। इसके लिए तैयारी की जा रही है। पहले से तय जो पुराने रूट हैं, उनसे सटे नए रूट पर दूध सप्लाई की मात्रा बढ़ाई जाएगी। ये अगले महीने से शुरू हो जाएंगे।

### ऑटोमेटिक मोड पर होगा संचालित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** शहर में बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। अयोध्या नगर में 132 केवी क्षमता का ओपन एक्स्ट्रा हाई टेंशन सब स्टेशन पूरा ऑटोमेटिक मोड पर संचालित होगा। यह ह्यूमन मशीन इंटरफेस तकनीक से ऑपरेट होगा। यह सब स्टेशन भोपाल, इंदौर, जबलपुर तीनों जगह से एक साथ रिमोट से कंट्रोल होगा। इसके ऑपरेशन के लिए एक भी कर्मचारी को बैठने और देखने की जरूरत नहीं होगी। मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी( एमपी ट्रांसको) के अधिकारियों ने बताया कि यह कन्वेशनल मॉडल का प्रदेश का यह पहला ऑटोमैटिक सब स्टेशन होगा। इसे ऑपरेट करने के लिए पैनल और कंट्रोल यूनिट के इंस्टालेशन का काम अभी जारी है। अभी तक इसे मैनुअली ही ऑपरेट किया जा रहा था। अभी तक जीआईएस इंडोर सब स्टेशनों में ही ह्यूमन मशीन इंटरफेस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर 8 करोड़ रूपए खर्च होंगे। इसका ऑटोमेशन इसी माह में शुरू हो जाएगा। कंपनी के एमडी सुनील तिवारी ने बताया कि कंपनी द्वारा बिछाई गई ऑप्टिकल फाइबर ट्रांसमिशन लाइनों से ही इस सब स्टेशन को सिग्नल मिलेंगे। जिसके कारण ऑपरेशन, कंट्रोल और मॉनिटरिंग ज्यादा आसान हो जाएंगे। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पावर सेक्टर के लिए प्रोत्साहित की जा रही आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिए यह किया जा रहा है।

# भोपाल, जल्द बदलेगा बीजेपी संगठन का नेतृत्व




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** 2 सितंबर से 15 अक्टूबर तक बीजेपी का सदस्यता अभियान दो चरणों में पूरा हो चुका है।15 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। वहीं इसके बाद अब संगठन चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। संगठन चुनाव के लिए ग्वालियर के पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर को प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक जीतू जिराती, विधायक अर्चना चिटनीस, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल और डॉ प्रभुलाल जाटवा को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। ये चुनाव अधिकारी बूथ समितियों से लेकर मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। 31 अक्टूबर को सक्रिय सदस्यता का अभियान पूरा होने के बाद प्रदेश के लगभग 65 हजार बूथों पर बीजेपी की बूथ समितियों का गठन होगा। जिसके बाद बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव होगा। वहीं जिला अध्यक्ष और फिर प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन कराया जाएगा। जिला अध्यक्ष के चुनाव के साथ ही एक प्रदेश प्रतिनिधि हर जिले से नॉमिनेट किया जाएगा, जो प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में हिस्सा लेगा। ऐसा माना जा रहा है कि बीजेपी के संगठन चुनाव के काम में 23 नवंबर को झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद तेजी आएगी। बीजेपी के कई सीनियर लीडर दोनों राज्यों के चुनाव में व्यस्त रहेंगे। ऐसे में संभावना है कि सभी बूथ समितियों का गठन करा लिया जाए। उसके बाद मंडल और जिलों और प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की शुरुआत हो। 21 अक्टूबर को दिल्ली में बीजेपी के संगठन चुनाव को लेकर विशेष बैठक बुलाई गई है।

इस बैठक में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के अलावा प्रदेश चुनाव अधिकारी और चारों सह चुनाव अधिकारी भी शामिल होंगे। इस बैठक में संगठन चुनाव की डेडलाइन मिल सकती है। बीजेपी के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा दूसरे कार्यकाल में काम कर रहे हैं। वीडी के कार्यकाल में संगठन के कामों में प्रदेश अव्वल रहा। वहीं विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने रिकॉर्ड बनाया। इसके अलावा कांग्रेस विधायकों के बीजेपी में शामिल होने और लोकसभा चुनाव के पहले बड़े पैमाने पर सदस्यता का रिकॉर्ड भी उनके नाम दर्ज है। बीजेपी की गाइड लाइन के अनुसार दो बार से ज्यादा कोई अध्यक्ष पद पर नहीं रह सकता, ऐसे में वीडी की जगह नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति होगी। बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए बीजेपी के कई दिग्गज लोबिंग कर रहे हैं। इनमें पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, खरगोन सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल, पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया, भूपेन्द्र सिंह, राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सौलंकी शामिल है।

हालांकि प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होने में एक महीने का वक्त लग सकता है।

## सरकार जुटाएगी जानकारी, आप क्या खाते हैं?

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अगले साल होने वाली जनगणना के दौरान केंद्र सरकार एमपी समेत हर राज्य के नागरिकों के खान-पान की भी जानकारी जुटाएगी। यह जानकारी इस रूप में होगी कि लोग खाने में कौन सा अनाज इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा सरकार यह भी पता करना चाहती है कि देश और प्रदेश में मोबाइल यूजर्स का प्रतिशत कितना है? बदलते दौर में मिलेट्स के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा दे रही केंद्र सरकार 2025 में होने वाली जनगणना के लिए लोगों के खान-पान की जानकारी भी जुटाएगी। इसके लिए फॉर्मेट में एक कॉलम इसी के लिए तय किया गया है कि जिस घर का सर्वे किया जा रहा है, उस घर के लोग किस तरह के अन्न का उपयोग भोजन में करते हैं। सूत्र बताते हैं कि मोबाइल क्रांति के बाद भी सरकार यह मानकर चल रही है कि अभी भी 100 प्रतिशत लोग मोबाइल यूज नहीं करते हैं। ऐसे में खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में मोबाइल यूजर्स की संख्या जानने के लिए मोबाइल धारकों का सर्वे किया जाएगा। इसके माध्यम से विकास कार्यों को लेकर आगामी योजनाओं के स्वरूप तय किए जाएंगे। घर-घर जाकर सर्वे करने वाले प्रगणक (सर्वे कर्मचारी) से 2011 की जनगणना के दौरान 35 कॉलम में जानकारी एकत्र कराई जा रही थी लेकिन इस बार एक कॉलम कम कर दिया गया है। 34 कॉलम में ही जानकारी जुटाई जाएगी। महिला और पुरुष की जानकारी एक साथ सब कॉलम के रूप में दर्ज होगी और एक अन्य कॉलम में थर्ड जेंडर की मैपिंग प्रगणक से कराई जाएगी। जनगणना के लिए जो व्यवस्था तय की गई है उसके अनुसार एक प्रगणक (सर्वे करने वाले कर्मचारी) को 150 घरों का सर्वे करना होगा। यह कर्मचारी तय अवधि में सर्वे पूरा कर निर्धारित फॉर्मेट में जनगणना निदेशालय को रिपोर्ट देंगे। 150 घरों के आधार पर सर्वे करने वालों के नए एरिया तय कर मैपिंग की जाएगी ताकि घर रिपीट नहीं हों। जनगणना के काम की शुरुआत होने पर मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में घर-घर जाकर जानकारी जुटाने के लिए जनगणना निदेशालय प्रदेश के 1.52 लाख कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएगा। ये कर्मचारी भारत सरकार की प्राथमिकता वाले कामों की जानकारी घर-घर जाकर जुटाएंगे। बताया जाता है कि चूंकि इस बार जो जनगणना होनी है।

## सड़क और पुल निर्माण पर दो दिवसीय सेमिनार का भव्य शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरते नवीनतम ट्रेंड्स और टेक्नोलॉजिस आधारित दो दिवसीय सेमिनार का भव्य उद्घाटन भोपाल के रवीन्द्र भवन में हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी और लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह सहित अन्य विशिष्टजन की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र के पहले दिन कई तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें देशभर से आए विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी विशेषज्ञता के आधार पर नई तकनीकों और निर्माण सामग्रियों के उपयोग पर अपने विचार साझा किए। सत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नई तकनीकों के कार्यान्वयन, पुल निर्माण में नई मशीनरी का उपयोग, और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली नई सामग्रियों पर विशेष ध्यान दिया गया।

पहले दिन की चर्चाओं में सिविल इंजीनियरिंग, निर्माण, सड़क सुरक्षा, और तकनीक से संबंधित विषय प्रमुख रहे। डॉ. अभिषेक मित्तल (सीएसआईआर सीआरआरआई, नई दिल्ली) ने लचीली सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए नई सामग्री और तकनीकों पर प्रस्तुति दी। इसके बाद, प्रोफेसर एम.ए. रेड्डी (आईआईटी खड़गपुर) ने कठोर सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए शॉर्ट स्लैब और बॉन्डेड तकनीकों पर गहन विचार साझा किए। इसके अतिरिक्त, श्री सतेंद्र कुमार (सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष, आरपीडी, सीआरआरआई और सलाहकार) ने सड़कों और पुलों में सीमांत सामग्रियों के उपयोग के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सैमसन मैथ्यू (निदेशक, एनएटीपीएसी) ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए नई सामग्री और तकनीकों के महत्व पर जोर दिया।

## रवींद्र भवन में श्रीराम के 36 गुणों का चित्र कथन



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम धरती के सबसे श्रेष्ठतम मनुष्य थे, वाल्मीकि रामायण के आरंभ में भगवान के 36 गुणों का जिक्र किया गया है, जिनके चित्र कथन की प्रदर्शनी इन दिनों भोपाल के रविन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच में लगाई गई है। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। राम के इन गुणों को भारत के विभिन्न कलाकारों ने अलग-अलग शैलियों में रचा है। प्रदर्शनी में सबसे पहले जनप्रिय श्रीराम के गुण को दर्शाया गया है, जिसमें श्रीराम का लक्ष्मण और सीता सहित वनगमन के लिए प्रस्थान करना। जिससे व्याकुल अयोध्या वासियों के साथ ही अन्य जीव-जन्तु भी दुखी हो जाते हैं। मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग की ओर से रवींद्र भवन के मुक्ताकाश मंच में 18 से 24 अक्टूबर तक श्रीरामलीला उत्स्स्व का आयोजन किया जा रहा है। 7 दिनी उत्सव में श्रीरामकथा से जुड़े अलग-अलग प्रसंगों की लीलाएं प्रस्तुति की जाएंगी। जनजातीय संग्रहालय के क्यरेटर( प्रभारी) अशोक मिश्रा ने बताया कि राम के 36 गुणों को भारत के अलग अलग कलाकारों द्वारा अलग अलग शैलियों में रचा गया है, जिसकी प्रदर्शनी यहां लगाई गई है। श्रीमद वाल्मीकि रामायण में इस बात का जिक्र किया गया है कि भगवान राम के वो 36 गुण क्या हैं जिसके कारण वो इस धरती के श्रेष्ठतम मनुष्य हैं। मिश्रा ने आगे बताया कि भगवान के एक एक गुण एक एक गुण अलग अलग कलाकारों को भेजकर स्थानीय चित्र शैली में अभिव्यक्त कराया गया है। मूल रुप से सारा संग्रह ओरछा श्रीरामराजा सरकार मंदिर परिसर में है, उसकी प्रतिकृति की प्रदर्शनी यहां लगाई गई है। राजा दशरथ के सभासदों से पूछने पर कि मैं धर्मपूर्वक पृथ्वी का निरंतर पालन कर रहा हूँ, फिर मेरे रहते आप लोग श्रीराम को युवराज के रूप में क्यों देखना चाहते हैं? यह सुनकर सभासदों ने कहा- महाराज ! श्रीराम में बहुत से कल्याणकारी सद्गुण हैं। नारद राम के गुणों का बखान करते हैं।

## दीपावली पर प्रदूषण नियंत्रण का एक्शन प्लान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल में प्रदूषण नियंत्रण के लिए पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (एमपीपीसीबी) के साथ 5 अन्य विभाग मिलकर काम करेंगे। खासकर दीपावली के समय। दरअसल, बीते महीने एयर क्वालिटी इंडेक्स की रैकिंग में भोपाल एक पायदान खिसककर 5वें से छठवें में आ गया है। इसके चलते चिंता का विषय यह रहा कि पीएम-10 को कम कैसे किया जाए। नतीजतन 5 विभागों ने मिलकर एयर क्वालिटी सुधारने के लिए एक्शन प्लान बनाया है।

इन विभागों का प्रमुख काम होगा सड़क पर वाहनों का दबाव कम करना, ग्रीन पटाखों को बढ़ावा देना और जगह-जगह पानी का छिड़काव कर पीएम-10 को नियंत्रित रखना। 2019 में शुरू हुए नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत किए गए छोटे-छोटे प्रयासों से स्थिति में सुधार की कवायद जारी है। इसके लिए केंद्र ने नगरीय निकायों को ग्रांट भी दी है ताकि एक्यूआई सामान्य बना रहे। सड़क किनारे उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए पेविंग ब्लॉक लगाने के साथ अधिक प्रदूषण वाले इलाकों में पानी का छिड़काव किया जाएगा। ई रिक्शा और सीएनजी वाहनों का उपयोग बढ़ाया जाएगा। अक्टूबर से वायु प्रदूषण बढ़ता है। नवंबर और दिसंबर में खतरनाक स्तर तक प्रदूषण पहुंच जाता है। दीपावली से पहले शहर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए इस बार विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के 7 स्थानों पर वायु गुणवत्ता की निगरानी की जाएगी, इसमें 4 स्थानों पर मैन्युअल निगरानी और 3 स्थानों पर कंटीन्युअस ऑटोमेटेड स्टेशन लगाए गए हैं।

## हमीदिया पहला अस्पताल, जहां 8वां किडनी ट्रांसप्लांट होगा



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** हमीदिया अस्पताल में 8वें किडनी ट्रांसप्लांट की तैयारी शुरू हो गई है। नवंबर में ट्रांसप्लांट की तैयारी है। हालांकि ऑपरेशन मरीज की जांच रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। गांधी मेडिकल कॉलेज की अंगदान समिति ने दो मरीजों की किडनी ट्रांसप्लांट को मंजूरी दे दी। इसके बाद हमीदिया 8 किडनी ट्रांसप्लांट करने वाला प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल बन जाएगा। गांधी मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजी विभाग के डॉ. अमित जैन ने बताया कि अंगदान समिति ने ट्रांसप्लांट की मंजूरी दे दी है। दो किडनी ट्रांसप्लांट होने हैं। इसमें दो से तीन सप्ताह का समय लग सकता है। हालांकि मरीज की मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही ट्रांसप्लांट की तारीख तय की जाएगी। गांधी मेडिकल कॉलेज के 9 डॉक्टर्स की टीम के द्वारा इस ऑपरेशन को लगभग डेढ़ से दो घंटे में किया जाएगा।

बता दें कि हमीदिया अस्पताल में 2021 में किडनी ट्रांसप्लांट की शुरुआत हुई थी। 2021 में दो प्रत्यारोपण हुए, जबकि 2022 में दो ही किडनी प्रत्यारोपण हो पाए थे। 2023 में 3 किडनी ट्रांसप्लांट हुए। हमीदिया अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण निशुल्क किया जाता है। जबकि निजी अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण का खर्च दस लाख रुपए तक होता है। हमीदिया अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत प्रत्यारोपण किया जाता है। खास बात यह है कि किडनी ट्रांसप्लांट की सर्जरी लेप्रोस्कोपिक पद्धति से की जाती है। इसमें मरीज को बड़ा चीरा नहीं लगाना पड़ता है। शहर में 28 अक्टूबर तक अलग-अलग स्थानों में 12 नई संजीवनी क्लीनिक और खुलेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी संजीवनी क्लीनिक की संख्या बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसके लिए विभाग की और से नगर निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर भवन तैयार हो चुके हैं। लोग सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार जैसी सामान्य और मौसमी बीमारियों के इलाज के लिए जेपी अस्पताल और हमीदिया अस्पताल जैसे बड़े सेंटरों पर न जाएं, इसके चलते ये संजीवनी क्लीनिक शुरू किए जाएंगे। इन क्लीनिक में रोज एक हजार से ज्यादा मरीजों के इलाज कराने पहुंचने का अनुमान है। मरीजों को अपने घर के पास ही स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं मिल पाएं। इसके लिए संजीवनी क्लीनिक में विशेषज्ञ डॉक्टर नियुक्त किए जा रहे हैं। एनएचएम की ओर से विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए दो हजार रुपए प्रति विजिट चार्ज निर्धारित किया गया है। डॉक्टर को एक विजिट में कम से कम 20 मरीज देखना अनिवार्य है। प्रियदर्शिनी नगर, नया बसेरा, रोशनपुरा और अहमदाबाद पैलेस में अभी विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं।

## बदल सकती है भोपाल की सूरत, बड़े तालाब में रोपेक्स... भदभदा से बैरागढ़ 5 से 10 मिनट में पहुंचेंगे



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शनिवार को भोपाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भोपाल में बड़े तालाब में जल यातायात शुरू करने का सुझाव दिया। गडकरी ने सीएम डॉ. मोहन यादव से कहा कि मुंबई, गुजरात और ओडिशा की तर्ज पर बड़े तालाब में भी रोपेक्स शुरू किया जा सकता है। इससे शहर के दूरदराज के इलाकों में जाना आसान होगा।

रवींद्र भवन में आयोजित इंडियन रोड कांग्रेस और पीडब्ल्यूडी के राष्ट्रीय सेमिनार में गडकरी ने दावा किया कि जिन श?हरों में रोपेक्स चल रहे हैं, वहां घंटों की दूरी मिनटों में पूरी हो जाती है। प्रदूषण भी कम होगा। 15-20 करोड़ रुपए के निवेश से भोपाल की सूरत बदल सकती है। गडकरी ने कहा कि मैंने पहले भी तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बड़े तालाब पर रोपवे चलाने और इमर्स टनल (पानी के अंदर सुरंग) बनाकर शहर में जल यातायात की सलाह दी ?थी। बड़ा तालाब शहर को नए व पुराने दो हिस्सों में बांटता है। भदभदा से बैरागढ़ तक सड़क से जाने के लिए 16.50 किमी के सफर में करीब 40 मिनट का समय लगता है। रोपेक्स से यह दूरी 5 से 10 मिनट में पूरी हो जाएगी। इससे कमला पार्क रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। मुंबई-अलीबाग जाने के लिए सड़क से 3 घंटे लगते थे। रोपेक्स से अब 17 मिनट लगते हैं। 2020 में मुंबई पहला महानगर बना जहां रोपेक्स शुरू हुआ। गंगा-ब्रह्मपुत्र के रास्ते में लोगों को 200 किमी घूमकर जाना पड़ता था। अब 17 जगहों पर रोपेक्स टर्मिनल हैं। इससे सफर का समय घटा है। गडकरी ने सेमिनार में एक किस्सा भी सुनाया। कहा- 'मैं हेलिकॉप्टर से बेंगलुरू-चेन्नई एक्सप्रेस वे देख रहा था। तीन बड़े-बड़े टावर रोड पर दिखे। इन्हें हटाने के लिए 300-400 करोड़ खर्च कर रहे हैं। मेरे साथ मप्र के अच्छे अधिकारी थे। पांडे करके। मैंने कहा कि पांडे जी, तुमने आईआईटी पास किया है ना। तुमको समझ में नहीं आता कि ये टावर थे, रास्ता थोड़ा सरका देते तो ये 400 करोड़ क्यों खर्च होते। बोले- साहब! डीपीआर बनाने वालों की गलती है।' गडकरी ने कहा कि ये डीपीआर वाले तो इतने महान लोग हैं कि एक-एक को पद्मश्री-पद्म विभूषण देना चाहिए। यानी इंजीनियरिंग प्वाइंट ऑफ व्यू से कितने गंदे काम हो सकते हैं। घर बैठकर ही काम कर लेते हैं।

# देवी के चबूतरे के सामने युवक ने गला काटा, मौत

## पिता बोले-अंदर से कुंडी लगा ली थी, पहले भी कर चुका था कोशिश





**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली में एक युवक ने घर के अंदर बने कुलदेवी के चबूतरे के सामने अपना गला काट लिया। वह मंदिर वाले कमरे में घुसा और अंदर से कुंडी लगा ली। काफी देर तक बाहर नहीं आया तो परिजन ने आवाज लगाई। फिर गांव वालों की मदद से दरवाजा तोड़ा। अंदर युवक लहूलुहान पड़ा था। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

घटना शनिवार शाम करीब 7 बजे बरगवां थाना क्षेत्र के पचुआर गांव की है। पुलिस को कमरे में खून से सनी कुल्हाड़ी मिली है। जमीन और दीवारों पर खून के छींटे हैं। पुलिस ने कुल्हाड़ी जब्त कर परिजन के बयान लिए हैं।

**पिता को चूना देने के बाद खुद को कमरे में बंद किया:** पुलिस ने बताया, 'शनिवार शाम रामकुमार सिंह (36) के पिता रामखिलावन सिंह गोंड ने तंबाकू में मिलाने के लिए चूना मांगा था। पिता को चूना देने के बाद रामकुमार कुलदेवी के मंदिर वाले कमरे में चला गया। कमरा अंदर से बंद कर लिया।'

**पहले भी कर चुका था कोशिश:** रामकुमार के चाचा छोटेलाल गोंड ने बताया, 'गांव में हमारे छह परिवारों की बस्ती है। अगारमोती हमारी कुलदेवी हैं। हम सभी उनकी कई पीढ़ियों से उपासना करते आ रहे हैं। रामकुमार हम सबसे ज्यादा भक्ति करता था। ज्यादातर समय देवी के चबूतरे के सामने ही गुजारता था।

इसके पहले भी एक बार उसने खुद का गला काटने का प्रयास किया था। हो सकता है कि इस बार भी उसने देवी की भक्ति में ही खुद का गला काटा हो।'

**10 साल पहले शादी हुई, पत्नी छोड़ गई थी:** रामकुमार पिता की इकलौती संतान था। स्कूल नहीं गया था। करीब 10 साल पहले शादी हुई, लेकिन उसकी हरकतों की वजह से पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।

6 साल पहले देवसर अस्पताल में उसका दिमागी इलाज भी कराया गया था। हालत थोड़ी सुधरी थी लेकिन बीच-बीच में समझ में न आने वाली बातें करने लगता था।

**परिवार के सदस्य खेत में काम करने गए थे:** बरगवां थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि घटना की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। उस वक्त पिता-पुत्र ही घर में थे। परिवार के दूसरे सदस्य खेत में काम करने के लिए गए थे। जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

# ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

## कोतमा थाना पुलिस ने की कार्रवाई, पूछताछ में बताया महिला से थी खरीदी




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** कोतमा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बिक्री और परिवहन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के पास से 42 पुड़िया अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुआ है। दोनों आरोपी ब्राउन शुगर को शहडोल जिले के महिला से खरीदा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतमा थाना प्रभारी सुंदरेश मरावी ने बताया कि शनिवार को सेमरिया तरफ से एक बाइक पर दो लड़के अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बेचने के लिए कोतमा तरफ आ रहे हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर रेड की कार्रवाई की गई।

**महिला से खरीदी ब्राउन शुगर:** नाम पता पूछने पर अपना नाम तारन दास मेहरा पिता होरिल मेहरा उम्र 32 वर्ष निवासी बुढानपुर और कुलदीप कुमार चतुर्वेदी पिता कृष्णकांत चतुर्वेदी उम्र 25 साल निवासी कोतमा वार्ड नंबर 5 पुरानी बस्ती के रहने वाले थे। जिनके पास से 42 पुड़िया अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर मिला। आरोपियों ने बताया कि शहडोल जिले की रहने वाली महिला नसरीन से ब्राउन शुगर खरीदा था। आरोपियों के पास से 42 पुड़िया ब्राउन शुगर और एक बाइक, दोनों की कीमत 1 लाख 36 हजार 800 रुपए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

# नशे में दोस्तों ने काटी शख्स की गर्दन

## दारू पार्टी के दौरान कुल्हाड़ी से किया हमला, बॉडी से 10 फीट दूर मिला सिर



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में दारू पार्टी के दौरान हुए विवाद में तीन दोस्तों ने एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी से गर्दन काट कर हत्या कर दी। युवक का सिर, धड़ से अलग होकर 10 फीट दूर जा गिरा। घटना अलीपुरा थाना क्षेत्र की है। यहां शनिवार रात 11 बजे चार दोस्त दारू पार्टी कर रहे थे। कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और गुस्साए दोस्त ने कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया।

आज रविवार सुबह 6 बजे युवक के परिजनों को घटना की जानकारी लगी। परिजन मौके पर पहुंचे और थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मामले में मर्ग कायम करते हुए बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

**दोस्त के घर चल रही थी दारू पार्टी:** विशाल सिंह सेंगर उम्र 54 साल निवासी बड़ागांव का रहने वाला है। विशाल शनिवार की रात 11 बजे गांव के पप्पू कोटी के घर पार्टी करने गया था। पार्टी के दौरान उसके साथ गांव के तीन मित्र पप्पू करी, देवेंद्र रैकवार, खचोरी कुशवाहा थे। चारों ने पार्टी के दौरान दारू पी और उसके बाद उनके बीच विवाद हो गया। तीनों ने मिलकर कुल्हाड़ी से विशाल सेंगर की हत्या कर दी।

**एक आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ जारी:** थाना पुलिस एफएसएल और डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए नौगांव अस्पताल भेज दिया है। पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। मृतक के बड़े भाई जहर सिंग सेंगर ने बताया कि गांव वालों ने सुबह 6 बजे बताया कि तुम्हारे भाई की मौत हो गई है उसे किसी ने मार दिया है।

**सिर शरीर से 10 फीट दूर कटा डला था- भाई:** भाई ने बताया- जब हम लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसका सिर शरीर से 10 फीट दूर कटा डला था। हमने तत्काल पुलिस को सूचना दी। शनिवार की रात हमारा भाई विशाल, पप्पू कोरी के घर पार्टी करने गया था। वहां पर 3 लोग और थे पप्पू कोरी, देवेंद्र रैकवार, खचोरी कुशवाहा ये सभी लोग बहुत अच्छे मित्र थे। पार्टी में लोगों ने शराब पी उसके बाद विवाद किया, फिर मेरे भाई को जान से मार दिया।

नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम ने बताया कि पुलिस को 6 बजे हत्या होने की जानकारी मिली थी थाना पुलिस और एफएसएल की टीम, डॉग स्क्वाड टीम मौके पर पहुंची। यह प्रथम दृश्य हत्या का मामला है। एक आरोपी को नशे की हालत में गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# 51 हजार की नशीली कफ सिरप सहित 2 आरोपी गिरफ्तार




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** 18 अक्टूबरको चौकी प्रभारी पिपराव उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी को मुखविर से सूचना मिली कि ग्राम अंकित जायसवाल अवैध नशीली कफसिरप को खारा तिराहा पटना अर्जुन नगर रोड के ग्राम खारा में रखे खड़ा है तथा ग्राहको का इंतजार कर रहा है। चौकी प्रभारी पिपराव द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कर कार्यवाही हेतु घटना स्थल पहुँचे। जहा एक व्यक्ति मिला जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम अंकित जायसवाल पिता रवीकरण जायसवाल उम्र 21 साल निवासी खारा चौकी पिपराव थाना रामपुर नैकिन का होना बताया, जिसके पास रखे खाखी रंग के कार्टून को खुलवाकर चेक किया गया तो कार्टून के अंदर प्लास्टिक के आठ पैकेट पाए गए प्रत्येक पैकेट में 30/30 सीसी आनरेक्स कफसिरप कुल 240 नग कीमती 43,200 रूपये पाया गया। जो उक्त आरोपी से अवैध नशीली कफ सिरफ बिर्ी करने के संबंध मे वैध दस्तावेज की माग की गई जो नही होना बताया। आरोपी से उक्त अबैध नशीली आनरेक्स कफ सिरप 240 नग कीमती 43200 रूपये की जप्ती कर धारा 5/13 म.प्र. ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम एवं 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है।

वहीं दूसरे प्रकरण में रामपुर नैकिन पुलिस को मुखविर से सूचना मिली कि ग्राम भीतरी का बंट्टा साकेत एक सफेद रंग के प्लास्टिक की थैली में अवैध नशीली कफसिरप विक्री करने हेतु ग्राम भीतरी के बाबा घटिया के पास बैठा ग्राहको का इंतजार कर रहा है। जिसे हमराह स्टाफकी मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं नाम पता पूछने पर अपना नाम राजरखन उर्फबंट्टा साकेत पिता किशनलाल साकेत उम्र 36 साल निवासी ग्राम भीतरी धौंसा टोला थाना रामपुर नैकिन का होना बताया। जिसके पास से 42 सीसी आनरेक्स कफ सिरप कीमती 8000 रूपये मिली। आरोपी के विरूद्ध धारा 5/13 म.प्र. ड्रग्स कंट्रोल अधिण् एवं 8/21, 22, 27ए, 29, 43 एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बनी विजेता

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ''प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस'' संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में जिला स्तरीय पुरुष टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के सिंह ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की सीख देते हुए खेल को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की बात कही। प्राचार्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल आज के जीवन शैली में बहुत ही आवश्यक है।प्रतियोगिता में शासकीय पीजी कॉलेज बैढ़न एवं शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दोनों टीमों के मैच एक दूसरे के बीच खेले गए जिसमें सीधी की टीम तीनों मैच जीतकर विजेता बनी। संजय गांधी महाविद्यालय से अंबुज प्रताप सिंह, अतुल तिवारी, प्रशांत तिवारी, चंद्रकांत सिंह का चयन संभाग स्तरीय पुरुष टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है जिसका आयोजन रीवा में होगा।इस प्रतियोगिता में आई टीमों के साथ उनके कोच मैनेजर तथा संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय से डॉ प्रभाकर सिंह, डॉ रावेंद्र बहादुर सिंह, डॉ हरिचरण अहिरवार, सहायक प्राध्यापक कुसमी एवं रेफरी आदित्य पटेल उपस्थित रहे। संपूर्ण प्रतियोगिता संजय गांधी महाविद्यालय के ₹ीड़ा अधिकारी डॉ रविंद्र नाथ सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। उन्होंने ही इस प्रतियोगिता का सफल संचालन किया।

# जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** लोक शिक्षण संचालनालय एवं मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीधी में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीम जिन्होंने अपने रजिस्ट्रेशन 18 अक्टूबर तक कर लिए थे, उन्हें भाग लेने की पात्रता होगी सभी प्रतिभागी विद्यालय प्रातः 10 बजे उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के विवेकानंद सभागार में पहुंचकर प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन करवाएंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए इस प्रतियोगिता के संयोजक उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस.एन. त्रिपाठी ने बताया कि सर्वप्रथम टीमों को पंजीयन कराना होगा तत्पश्चात यह प्रतियोगिता 12 बजे से 1.30 तक लिखित रूप में आयोजित होगी तत्पश्चात स्वल्पाहार के बाद 2 बजे से 3.30 बजे के बीच मूल्यांकन कार्य, वन विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा और 4 बजे प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा के साथ प्रथम द्वतीय व तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक और प्रमाण पत्र के साथ सभी प्रतिभागी टीमों को प्रमाण पत्र अधिकारियों की उपस्थिति में वितरित किए जायेगे। प्रथम विजेता टीम को राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका प्राप्त होगा। राज्य स्तर पर प्रथम विजेता टीम को 30000 रुपए द्वितीय को 25000 तथा तृतीय को 15000 रुपए और ट्राफी से सम्मानित किया जाएगा।

सभी प्रतिभागी टीमें निर्धारित समय पर पहुंचकर निर्देश अनुसार प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर पी एल मिश्रा ने सभी रजिस्टर्ड टीमों को आवश्यक रूप से भाग लेने हेतु निर्देश जारी किए है। इस प्रतियोगिता के संरक्षक जिला कलेक्टर, समन्वयक वन मंडलाधिकारी सीधी एवं प्रतियोगिता का संपूर्ण आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी के कुशल निर्देशन में आयोजित होने जा रहा है। सभी मार्गदर्शी शिक्षको से अपील की गई है की वे अपने स्कूल के तीन छात्रों को निर्धारित प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचाने में सहयोग प्रदान करेंगे।

# करवा चौथ व्रत की पूजन विधि और मुहूर्त

## पति के लिए महिलाओं ने रखा व्रत, चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद टूटेगा





**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली में रविवार को गणेश चतुर्थी और करवा चौथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा है।

ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न ने बताया कि करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को करवा माता और शिव परिवार की पूजा करती हैं। इसके बाद करवा चौथ की व्रत कथा सुन कर चंद्रदेव को अर्घ्य देने के बाद व्रत को तोड़ती हैं। इसमें विभिन्न रीति-रिवाज और अनुष्ठान शामिल होते हैं। साथ ही, करवा चौथ पूजा का शुभ मुहूर्त रविवार शाम 5 बजकर 46 मिनट से लेकर 7 बजकर 40 मिनट तक है।

**करवा चौथ की पूजा विधि व महत्व:** करवा चौथ की पूजा चौकी पर करवा माता, शिव-पार्वती, गणेशजी और कार्तिकेय भगवान समेत शिव परिवार की प्रतिमा स्थापित करें। करवा चौथ के दिन मिट्टी के करवे का इस्तेमाल करना अत्यधिक शुभ माना जाता है। करवे पर हल्दी, कुमकुम जरूर लगाकर कलावा बांधें। करवे को अन्न-धन और सूखे मेवे और एक सिक्के से भरें। करवे को मिट्टी के दीये से ढंक दें। व्रत में करवा माता, भगवान शिव, माता पार्वती और कार्तिकेय भगवान के साथ-साथ गणेश जी की पूजा की जाती है।

# देर रात तक चले कवि सम्मेलन में हॅसी के ठहाके लगाते रहे श्रोता



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शहर में आयोजित कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए कवियो अपने शानदार प्रस्तुति एवं मधुर स्वर का ऐसा जादू विखेरा। शनिवार की शाम से प्रारंभ हुआ कवि सम्मेलन रविवार के आगाज के साथ समाप्त हुआ। देर रात तक हजारो काव्य पाठ प्रेमियों ने प्रांगण में अपनी उपस्थिती बनाई रखी, जो कि अपने आप में कवि सम्मेलन की सफलता को शिखर तक पहुँचाया है।श्रोताओं ने कहा कि वर्षो बाद आयोजित काव्य पाठ कार्यक्रम में देश के कोने कोने से आए कवियों ने ऐसा समा बांधा कि सभी श्रोता झूम उठे।

# यातायात पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव के 4 प्रकरण किये दर्ज, भेजा न्यायालय




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** दुर्घटना रहित सरल सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया कराने के लिये यातायात पुलिस द्वारा लगातार औचक निरीक्षण एवं जन जागरूकता को बल दिया जा रहा है। यतयात प्रभारी श्रीमती रीता त्रिपाठी ने चर्चा के दौरान बताया कि नशे के हालत में वाहन चलाने वालों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में जिले में अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत जिला मुख्यालय में 4 नशेड़ी वाहन चालको के विरूद्ध विधिक कार्रवाई कर प्रकरण कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

# फरार 47 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन में जिले के समस्त थाना चौकी के प्रभारियों के नेतृत्व में 19 व 20 अक्टूबर की दरम्यानी रात एक बार पुनः जिले भर में साप्ताहिक कांबिंग गस्त का विशेष अभियान चलाकर 5 स्थाई वारंट एवं 42 गिरफ्तारी वारंट कुल 47 वारंट तमिल किए गए हैं। साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान 30 गुण्डा बदमाश एवं 21 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। सीधी पुलिस ने हत्या, लूट, डकैती, मारपीट, आबकारी आदि जैसे विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपास्थित नहीं हुए है उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। उपर्युक्त लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी, जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में अभियान स्तर पर कार्यवाही करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक दिन में 47 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# सीईओ निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक सुधार के दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज द्वारा शुक्रवार 18 अक्टूबर को सामुदायिक भवन रामपुर नैकिन के सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी मनरेगा एवं आवास, सहायक यंत्री मनरेगा, अतिरिक्त कार्यर्₹ म अधिकारी मनरेगा, ब्लाक समन्वयक आवास एवं एस.बी.एम, पी.सी.ओ.,उपयंत्री तथा समस्त ग्राम पंचायतों के सचिव तथा ग्रा.रो. सहा. उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत माह अक्टूबर 2024 तक के लक्ष्य के विरुद्ध मानव दिवस सृजन, एसटी, एससी परिवारों तथा महिला श्रमिकों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने की समीक्षा करते हुए मानव दिवस सृजन के लक्ष्य के सापेक्ष न्यून प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई एवं लक्ष्य पूर्ति किये जाने हेतु कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। मनरेगा योजना से निर्माणाधीन गौशालाओं एवं अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों की समीक्षा के दौरान रि यान्वयन ऐजेन्सी आर.ई.एस./ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 तथा उसके पूर्व के कार्यों की पूर्णता हेतु उपयंत्रियों एवं सचिव/ग्रामरोजगार सहायकों को समयावधि में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।निर्माण कार्यो का किया अवलोकनसमीक्षा बैठक के उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत कपुरी कोठार में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के अभिसरण से निर्मित तालाब निर्माण कार्य का एवं अन्य कार्यों का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही चंदरेह स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में दर्शन उपरांत सामुदायिक स्वच्छता परिसर चंदरेह का निरीक्षण किया गया, स्वच्छता परिसर में साफसफाई तथा पानी की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत चंदरेह के सचिव/ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। इसके पश्चात ग्राम पंचायत झगरी के कनकटी ग्राम में मनरेगा योजना से निर्माणाधीन तालाब, गौशाला एवं पंद्रहवां वित्त से निर्मित चबूतरा निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। गौशाला निर्माण कार्य में कमियां पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेन्सी आर.ई.एस. के उपयंत्री को आवश्यक सुधार किये जाने के निर्देश दिये गये।

# दो समिति प्रबंधक और विक्रेताओं को नोटिस

## 432 कार्ड धारियों में सिर्फ 199 कार्डधारियों बांटा था खाद्यान्न

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना-गुनौर एसडीएम रामनिवास चौधरी ने रविवार को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कचनारा से संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान बंधौरा के सहायक समिति प्रबंधक और विक्रेता को खाद्यान्न वितरण प्रणाली में लापरवाही करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

दरअसल, एईपीडीएस पोर्टल की ऑनलाइन वितरण रिपोर्ट की जांच में पाया गया था। बंधौरा दुकान में 432 कार्डधारी दर्ज हैं। 17 अक्टूबर तक मात्र 199 कार्डधारियों को ही खाद्यान्न का वितरण किया गया है। जबकि 233 परिवारों को खाद्यान्न नहीं दिया गया है।

# विचार

## उत्तरप्रदेश की नौ विधानसभा सीटों के लिये 13 नवंबर को होगी योगी-अखिलेश की अग्निपरीक्षा

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड राज्य के लिये विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही यूपी में रिक्त पड़ी 10 सीटों में से 9 सीटों के लिये भी विधानसभा उपचुनाव का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने 13 नवंबर को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों के साथ ही यूपी की नौ सीटों के लिये भी उप चुनाव कराये जाने की घोषणा की है। यूपी में कटेहरी, सीसामऊ, कुंदरकी, करहल, गाजियाबाद, मीरापुर, फूलपुर, मझवां और खैर विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनाव होना है। एक सीट मिल्कीपुर में अभी चुनाव नहीं कराये जायेंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी में होने वाले उपचुनाव के लिए 6 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुके हैं। वहीं भाजपा ने 9 सीटों को अपने पास रखा है और एक सीट रालोद को दी है। बीजेपी ने अपने प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए हैं पर नाम की घोषणा अभी नहीं की है। वहीं मायावती ने भी उपचुनाव लड़ने का ऐलान किया है पर बसपा से अभी कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं आया है। रिक्त सीटों की बात की जाये तो करहल विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के असेंबली से इस्तीफा देने के कारण उपचुनाव हो रहा है। कन्नौज से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सपा अध्यक्ष ने संसद लौटने का फैसला लिया था। अखिलेश ने इस सीट पर रिश्ते में अपने भतीजे और लालू यादव के दामाद तेज प्रताप सिंह यादव को एसपी का उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने अभी पत्ता नहीं खोला है। उधर, प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट 2009 में आस्तित्व में आई। फूलपुर विधानसभा सीट पर प्रवीण पटेल 2022 में जीते थे। फूलपुर से सपा के सिंबल पर मुस्तफा सिद्दीकी मैदान में हैं। बीजेपी ने अभी प्रत्याशी नहीं उतारा है। यहां 2 बार कुर्मी और एक बार मुस्लिम विधायक चुने गए हैं। वहीं मिर्जापुर की मझवा विधानसभा सीट बीजेपी के चुनाव चिन्ह पर लड़े निषाद पार्टी के विनोद बिंद के इस्तीफा की वजह से रिक्त हुई है। सपा ने पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी ज्योति बिंद को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने अभी इस सीट पर पत्ता नहीं खोला है। जबकि अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से लालजी वर्मा विधायक थे, जो अब अंबेडकरनगर के सांसद बन गए हैं। सपा ने कटेहरी से शोभावती वर्मा को यहां से टिकट दिया है। बीजेपी ने अभी ऐलान नहीं किया है। अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सबसे चर्चित सीटों में से एक है जहां से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद ने 47.99 फीसदी वोटों के साथ जीत हासिल की थी। अवधेश प्रसाद अब सांसद हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद मिल्कीपुर सीट काफी चर्चा में है। सपा ने मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है। मिल्कीपुर सीट पर समाजवादी पार्टी चार बार तो बीजेपी दो बार चुनाव जीती है। वहीं कांग्रेस ने तीन बार जीत दर्ज की है। यहां पासी यादव ब्राह्मण तीन जातियां चुनाव में अहम भूमिका निभाती हैं।

# कांग्रेस का मुस्लिम प्रेम हकीकत कम ज्यादा चुनावी

**योगेंद्र योगी**

**केंद्र और ज्यादातर राज्यों से चुनाव हार कर सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस ने इतिहास से सबक नहीं लेने की ठान ली है। यही वजह है कि कांग्रेस का अभी तक अल्पसंयक मोह खत्म नहीं हुआ है। अल्पसंयकों के गैरकानूनी कामों में भी कांग्रेस उनका बचाव करती नजर आती रही है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस ही अकेली नहीं है, बल्कि दूसरे राजनीतिक दल भी वोट बैंक की राजनीतिक के कारण मुस्लिमों के अपराधों को माफ करने के पक्ष में रहे हैं। बेशक अपराध आतंकवाद से जुड़े हुए ही यों ना हो।**



कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने दंगा करने, थाने पर हमला करने, आगजनी और तोडफ़ोड़ जैसे गंभीर आरोपों में शामिल मुस्लिम समुदाय के आरोपियों के खिलाफ मामला वापस लेकर कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रेम को उजागर किया है। लगातार हारने के बाद भी कांग्रेस को डूबती नैया का सहारा मुसलमान वोट बैंक ही नजर आता है। यह बात दीगर है कि इस वोट बैंक के दावेदार कई राजनीतिक दल हैं। कांग्रेस की इन्हीं हरकतों की वजह से भाजपा देश में हिन्दू-मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण करने में कामयाब रही है। कर्नाटक सरकार ने कैबिनेट मीटिंग के बाद 43 केसों को रद्द करने का फैसला लिया। इसमें एक मामला हुबली पुलिस स्टेशन में तोडफ़ोड़ से जुड़ा हुआ है। 16 अप्रैल, 2022 को हुबली में सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट लिखने वाले युवक को पुलिस गिरफ्तार कर स्टेशन लेकर आई, कुछ देर में वहां मुस्लिम समाज की भीड़ जमा हो गई और आरोपी को भीड़ को सौंपने की मांग को लेकर हंगामा हुआ, जिसके बाद हिंसा हुई थी। पुलिस स्टेशन और वाहनों को नुकसान पहुंचाया था, साथ ही आसपास की दुकानों में तोडफ़ोड़ की गई। इस हिंसा में 4 पुलिसकर्मी घायल भी हुए थे। एआइएमआइएम के नेता आरिफ और 138 अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास, दंगा और अन्य गंभीर आरोप लगाए गए थे। मुस्लिम वोट बैंक के लिए कांग्रेस ने पहली बार ऐसा नहीं किया। जब भी देश के संविधान और कानून को समानता से लागू करने की बात होती है, कांग्रेस हमेशा से मुसलमानों का दूसरे चश्में से देखती रही है। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने का कांग्रेस ने जमकर विरोध किया। यह जानते हुए भी कि विशेष राज्य और कानून की आड़ में इस केंद्रशासित प्रदेश में आतंकी वारदातें कर रहे है। इन पाक परस्त आतंकियों को बचाने के लिए भाड़े के पत्थरबाज सुरक्षा कवच का काम कर रहे हैं। इस विशेष प्रावधान के हटने के बाद पत्थरबाजी की घटनाएं बंद हो गई। साथ ही सुरक्षा बल और पुलिस काफी हद तक आतंकियों की नकेल कसने में कामयाब रहे। यह मुद्दा देश की एकता-अखंडता से जुड़ा होने के बावजूद कांग्रेस ने इसे हटाने पर कायम नेशनल कांफ्रेंस के साथ महज मुस्लिम वोट बैंक की खातिर चुनावी गठबंधन किया।

इसी तरह अवैध रूप से रह रहे रोहिग्यां शरणार्थियों के मुद्दे पर कांग्रेस ने सहानुभूति का रुख रखा। भारत में कुल 40 हज़ार रोहिंग्या शरणार्थी रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर के पास संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त का रिफ्यूजी कार्ड तक नहीं है। अक्टूबर 2018 में भारत सरकार ने सात रोहिंग्या शरणार्थियों को म्यांमार वापस भेजा था। इन्हें साल 2012 में गैरकानूनी तरीक़े से सीमा पार करके भारत आने के आरोप में फ़ॉरनर्स एक्ट क़ानून के तहत गिरफ़्तार किया गया था। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने अपनी सीधी राय कभी नहीं बनाई। कांग्रेस ना अल्पसंख्यकों को नाराज़ करना चाहती है और ना ही बहुसंख्यक समाज के सामने विलेन बनना चाहती है। इसलिए इस मुद्दे पर वह सरकार को कटघरे में खड़ा कर पीछा छुड़ाने का प्रयास किया। कांग्रेस का कहना था कि आखिर यह कैसे हो सकता है कि, एक तरफ आप मानवीयता के आधार पर रोहिंग्या मुस्लिमों को मदद भेजें और दूसरी तरफ उनको देशविरोधी गतिविधियों में शामिल बताएं, सरकार किसी एक नीति पर आगे नहीं बढ़ रही है।

ऐसा नहीं है कि कांग्रेस का वोट बैंक की खातिर मुस्लिम प्रेम नया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी राजीव गांधी की ही सरकार थी जिसने शाहबानो केस में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाबजूद उस पर कानून नहीं बनाया। इस पर मौजूदा भाजपा की केंद्र सरकार ने कानून बनाया। तीन तलाक के मुद्दे पर भी कांग्रेस का यही आलम रहा। कांग्रेस ने केंद्र में सत्ता में रहते हुए इस मुद्दे पर कानून नहीं बनाया। शाहबानो ने अदालत से न्याय की मांग की थी कि तीन तलाक के बाद तलाकशुदा महिला की देखरेख की जिम्मेदारी उसके पति की होती है। पांच जजो की संविधान पीठ ने 23 अप्रैल 1985 को मुस्लिम पर्सनल लॉ बॉर्ड के आदेश के खिलाफ जाते हुए शाहबानो के पति को आदेश दिया कि वो अपने बच्चों को गुजारा भत्ता दे। मुस्लिम कट्टरपंथियों के विरोध के आगे राजीव गांधी सरकार ने घुटने टेक दिए थे। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया था। केंद्र की भाजपा सरकार ने सरकार ने तीन तलाक को प्रतिबंधित करते हुए संसद में वर्ष 2019 में नया कानून बना दिया। इस विधेयक में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से संरक्षण देने के साथ ऐसे मामलों में दंड का भी प्रावधान किया गया है। देश की करोड़ों मुस्लिम महिलाओं के हितों से जुड़े इस कानून का कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने जमकर विरोध किया। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में तीन तलाक को वापस करने का वायदा किया। इसी दोहरी नीति के कारण भाजपा कांग्रेस पर हमलावर रही है। कांग्रेस की मुस्लिम परस्त नीतियों के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप लगाए। राजस्थान के बांसवाड़ा की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक मुसलमानों का बताया था।

आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस एक तरफ मुस्लिम की हितेषी बनती हैं, किन्तु हकीकत में मुसलमानों के विकास के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के समान काम किया है। आजादी कांग्रेस ने देश में 50 साल से ज्यादा शासन किया है। इस अवधि में ज्यादातर राज्यों में भी कांग्रेस की सरकारें रही हैं। इसके बावजूद देश में साक्षरता की दर, मुस्लिम महिला सशक्तिकरण, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में कोई खास इजाफा नहीं हुआ। कांग्रेस का मुस्लिम प्रेम हकीकत कम चुनावी ज्यादा साबित हुआ है।

## गरीब कैदियों की रिहाई जल्द और मुकद्दमे कम हों

अफसरों और सरकार से मीडिया में रोजाना सवाल किए जाते हैं, लेकिन अदालतों के मामलों में वैसे तीखे तेवर नहीं दिखते। सच तो यह है कि जानकारी की कमी के साथ लोगों को कोर्ट की अवमानना का डर रहता है। ऐसे माहौल में सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज कोई बात कहें तो उसे पूरा महत्व देने के साथ पर्याप्त चर्चा भी होनी चाहिए। जेलों में बंद गरीब और जरुरतमंद लोगों को निन्शुल्क और अच्छी कानूनी सहायता देने के लिए संसद ने 1987 में कानून बनाया था। उसके अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया। इसके अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के जज होते हैं। राज्यों और जिला स्तर पर भी विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस दीपंकर दत्ता ने कहा कि 10 साल पहले कोलकाता में नालसा ने फंड की कमी की वजह से गरीब वादी की मदद मुहैया कराने में असमर्थता व्यक्त की थी। लेकिन अब नालसा के पास जजों की आवभगत के लिए भी पर्याप्त पैसे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी मैं नालसा के किसी समारोह में जाता हूं तो सोचने को मजबूर हो जाता हूं कि नालसा के पास इतना पैसा कहां से आ रहा है। क्या विधिक सेवा प्राधिकरण का असल उद्देश्य यही है? क्या ऐसे ही मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जा सकती है? देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बढ़ती जेलों और कैदियों के प्रति बहुत संजीदा हैं।

# आतंकवाद का प्रायोजक है कनाडा

**राम माधव**

पिछले सितंबर में, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सनसनीखेज आरोप लगाए थे कि उनकी सरकार ने कनाडा के कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों की संलिप्तता के बारे में विश्वसनीय जानकारी प्राप्त की थी। निज्जर उन भारतीय खालिस्तानी कार्यकर्त्ताओं में से एक था, जो 1980 के दशक में पंजाब में चरमपंथ पर सरकार की कार्रवाई के मद्देनजर देश छोड़कर भाग गया था। निज्जर की हत्या 18 जून, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के परिसर में की गई थी। रॉयल कैनेडियन माऊंटेड पुलिस (आर.सी.एम.पी.) ने अपराध में शामिल होने के आरोप में 4 सिख युवकों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पिछले एक साल में मामले में बहुत अधिक प्रगति नहीं हुई है क्योंकि आर.सी.एम.पी.अदालतों के समक्ष कोई सबूत पेश करने में विफल रही है। हालांकि, आर.सी.एम.पी. अधिकारियों और खुद ट्रूडो ने एक बार फिर भारत की संलिप्तता के बारे में सनसनीखेज दावे करना शुरू कर दिया, इस बार उन्होंने भारत के वरिष्ठ अधिकारियों पर उंगली उठाई। पिछले हफ्ते वाशिंगटन पोस्ट में एक विस्तृत रिपोर्ट में मोदी सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री का नाम इस घटना में सीधे तौर पर शामिल होने के बारे में बताया गया। यह स्पष्ट है कि ट्रूडो सरकार ने भारत सरकार के बड़े नामों को इस संदिग्ध विवाद में घसीटकर एक अराजनयिक, अगर अशोभनीय नहीं तो अशिष्ट रास्ता चुना। कई लोगों का अनुमान है कि यह उनकी पार्टी की चुनावी संभावनाओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। ट्रूडो सरकार पिछले 9 सालों से सत्ता में है और आज बहुत अलोकप्रिय है। कनाडा की अर्थव्यवस्था बेरोजगारी, मुद्रास्फीति और भ्रष्टाचार के अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। कनाडाई मीडिया रिपोर्ट कर रहा है कि ट्रूडो की पार्टी जनमत सर्वेक्षणों में कंजर्वेटिव से 10 प्रतिशत से अधिक मतों से पीछे है।

भारत पर 'कनाडाई लोगों के जीवन' को खतरे में डालने का आरोप लगाने में लापरवाही बरतने का विकल्प चुनकर,ट्रूडो ने कूटनीतिक सीमा लांघ दी है। अब जब तलवारें खींची जा चुकी हैं, तो भारत को आगे आकर बैल को सींग से पकडऩा चाहिए। जब पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों की बात आती है, तो हम सभी मंचों पर, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय रूप से, इस्लामी आतंकवाद को प्रायोजित करने, उसे पनाह देने और निर्यात करने में उनकी संदिग्ध भूमिका को उजागर करने में मुखर रहे हैं। लेकिन, किसी तरह, हम पश्चिमी शक्तियों के बारे में ऐसी ही बातें कहने से हिचकिचाते हैं क्योंकि हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों जैसे उनके गलत आदर्शवादी बयानों के छद्मवेश से भयभीत हैं। जबकि दुनिया चुपचाप देखती रही, पिछले कुछ दशकों में कनाडा आतंकवाद के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया। पाकिस्तान पर इस्लामी आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप है, जबकि कनाडा दशकों से न केवल इस्लामवादियों को बल्कि कई अन्य लोगों को पनाह दे रहा है। दुनिया के लगभग सभी प्रमुख आतंकवादी संगठनों के गुर्गे दशकों से कनाडा के शहरों से स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं।



कथित तौर पर आर्मेनियाई आतंकवादी 1980 के दशक में आए और कनाडा को अपना अपतटीय ठिकाना बना लिया। खालिस्तानियों ने देश में प्रवेश किया और 1985 में एयर इंडिया की उड़ान 182 को बीच हवा में उड़ाने जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त रहे। तमिल टाइगर्स 1980 के दशक के अंत में आए। इसके बाद मध्य पूर्व के आतंकवादी समूह जैसे हमास, हिजबुल्लाह और अन्य फिलिस्तीनी संगठन आए। अंत में, यहां तक कि अल कायदा के गुर्गों ने भी कनाडा को अपने अमरीका विरोधी अभियानों के लिए एक सुरक्षित माध्यम पाया। कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा (सी.एस.आई.एस.) के पूर्व निदेशक वार्ड एल्कॉक ने 1998 में गवाही दी थी कि 'दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में यहां अधिक अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी समूह सक्रिय हैं'।

भारत ही नहीं, कई अन्य देश भी अपनी धरती पर आतंकवादी गतिविधियों के प्रति कनाडा सरकार के उदासीन रवैये के शिकार हुए हैं। कनाडा का सबसे करीबी सांझेदार अमेरिका भी अपने पड़ोस से उत्पन्न होने वाले खतरे से बच नहीं सका। एफ.बी.आई. इस बात से बहुत चिंतित हो गया और उसने एक वर्गीकृत बुलेटिन जारी कर चेतावनी दी। हमारा मानना है कि अल कायदा का कनाडा में आतंकवादी ढांचा बना हुआ है, जिसके अमरीका से जुड़े होने के दस्तावेज मौजूद हैं। 2006 में सत्ता में आए कंजर्वेटिव प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने अपने एक दशक के कार्यकाल के दौरान इस खतरे को नियंत्रित करने की कोशिश की।

लेकिन 2015 में ट्रूडो के सत्ता में वापस आने के बाद चीजें फिर से पहले जैसी हो गईं। सितंबर 2023 में कनाडा के प्रमुख दैनिक 'द ग्लोब एंड मेल' में लिखते हुए स्तंभकार एंड्रयू कोयने ने कनाडाई राजनेताओं, 'विशेष रूप से उदारवादियों' पर रैलियों में भाग लेकर 'सिख अलगाववादी वोट पाने' की उत्सुकता का आरोप लगाया था, 'जहां आतंकवादियों का महिमामंडन किया जाता था और आतंकवादी हमलों की प्रशंसा की जाती थी'। भारत ने पिछले 4 दशकों से आतंकवाद के खिलाफ़ कनाडा के गैर-गंभीर दृष्टिकोण के बारे में काफ़ी शिकायत की है। बदले में उसे उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाला जवाब मिला। अब समय आ गया है कि भारत अपनी हरकतों को और बढ़ाए और ट्रूडो के नेतृत्व वाली कनाडा सरकार के घिनौने आतंकी चेहरे को उजागर करे।

# दादी की हत्या कर खून से शिवलिंग पर किया अभिषेक

## हाथ-पैर बांधकर त्रिशूल से मारा, लिखा- 'शिव यहीं हैं', फिर खुदकुशी का किया प्रयास





**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक युवक ने शिव मंदिर में रखे त्रिशूल से अपनी दादी की हत्या कर दी। हत्या के बाद दादी के खून से शिवलिंग का अभिषेक किया। फिर वहां मंत्र लिखा और उसी त्रिशूल को अपने गले में मार लिया। मामला नंदनी थाना क्षेत्र का है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान ननकट्?टी निवासी गुलशन बन गोस्वमी (35) के रूप में हुई है। गुलशन के माता-पिता रायपुर के रावण भाठा क्षेत्र में रहते हैं। वह दुर्ग में अपनी दादी रुक्मणि गोस्वामी (70) के साथ रहता था।

पुलिस ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा हा है कि अंध विश्वास के चलते गुलशन ने ऐसा कदम उठाया है। फिलहाल आरोपी के होश आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**घर से लगा हुआ ही है शिव मंदिर:** बताया जा रहा है कि गुलशन के घर से लगा हुआ ही शिव मंदिर है। उसी मंदिर में गुलशन रोज पूजा करता और रहता था। आरोप है कि शनिवार देर शाम करीब 7 बजे गुलशन ने मंदिर में रखा त्रिशूल उठाया और उससे दादी के सिर पर वार कर दिया। इसके चलते रुक्मणि की मौके पर ही मौत हो गई।

इसके बाद गुलशन ने वहां पड़ा खून उठाया और उससे शिवलिंग का अभिषेक किया। फिर गर्भगृह को उसी खून से लीप दिया और 'शिव यहीं हैं' ऐसा कुछ लिखकर उसी त्रिशूल को अपने गले में मार लिया। स्थानीय लोगों ने दादी-पोते को खून से लथपथ देखा तो सूचना पुलिस को दी।

**दादी का हाथ-पैर बांधा और फिर की हत्या:** गुलशन पहले से ही अपनी दादी की हत्या की साजिश रच चुका था। हत्या से पहले उसने दादी का हाथ-पैर कुर्सी से बांध दिए। इसके बाद त्रिशूल लाकर उससे हमला कर दिया। दादी की जब तक मौत नहीं हो गई वो वहीं खड़ा उसे तड़पता देखता रहा।

आरोपी ने उसी त्रिशूल से अपनी जान लेने की भी कोशिश की। गले में गहरा वार करने से उसका खून अधिक बह गया और वह मंदिर में ही बेहोश होकर गिर गया। पुलिस ने उसे गंभीर हालत में नंदिनी अस्पताल भेजा। वहां से चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज कचांदुर रेफर किया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी घायल हालत में वहीं पड़ा था। उसे तुरंत उपचार के लिए भेजा गया। पुलिस की पहली जांच में मामला अंधविश्वास का लगता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी के होश में आने और उसके बयान के बाद ही पूरी हकीकत पता चल पाएगी।

# जिले में 21 अक्टूबर से कौशल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छ.ग.राज्य कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर के निर्देशन में जिले में संचालित कौशल विकास योजना तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण हेतु निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगति लाने तथा ग्रामीण स्तर के युवाओं तक कौशल प्रशिक्षण की पहुंच बनाने के उद्देश्य से जिले में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि 21 अक्टूबर को विकासखण्ड भरतपुर के शा0 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,भरतपुर में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 22 अक्टूबर को विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के शा0 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मनेन्द्रगढ़ में, 24 अक्टूबर को भरतपुर के शा0 अद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, द्वारा भरतपुर ग्राम पंचायत तोजा में , 25 अक्टूबर को विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के शा0 अद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, द्वारा मनेन्द्रगढ़ ग्राम पंचायत बड़काबहरा में , 25 अक्टूबर को विकासखण्ड खड़गवा शा0 अद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, द्वारा खड़गवां ग्राम पंचायत बरदर में , 28 अक्टूबर को विकासखण्ड खड़गवा शा0 अद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खड़गवां में, 29 अक्टूबर को शा0 अद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चिरमिरी में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# के. बी. पटेल कॉलेज में साइबर अपराध रोकथाम कार्यशाला का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** आज महाविद्यालय की मल्टीपरपज हॉल में साइबर क्राइम रोकथाम कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रूप में श्री ओ. पी. दुबे उपनिरीक्षक थाना प्रभारी, पोड़ी जिला एम. सी. बी. उपस्थित रहे। आज के समाज को सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने बेहद ही बारीकीयों से विद्यार्थीयों क़ो साइबर क्राइम से संबंधित बचाव के लिए जानकारी दी और बेहद ही सवेंदशील व्यक्तित्व का परिचय देते हुए विद्यार्थियों क़ो समझाया कि आपके कितनी भी परिचित, प्रियजन क्यूँ ना हो अपनी प्राइवेट विडिओ, पिक्चर शेयर नहीं करनी चाहिए। छात्रों क़ो समझाया कि मर्यादा से बाहर जाकर कोई बात नहीं करनी चाहिए .ओ.टी.पी वगैरह किसी से भी शेयर नहीं करनी है। आपकी सजकता ही आपको साइबर क्राइम के शिकार होने से बचा सकती है।

डॉयरेक्टर वी. बारीक ने साइबर अपराध को लेकर कहा कि इसके लिए कही ना कहीं, जाने - अनजाने में हम इसके जाल में फंस जाते हैं और इस बारे में समाज के डर और भय से अपनी बात किसी से साझा नहीं कर पाते ऐसे में हमें अपनी समझदारी का परिचय देते हुए तुरन्त साइबर सेल में जाकर के इसकी जानकारी देनी चाहिए, जिससे इससे सम्बंधित अधिकारी आपकी मदद कर सकते हैं। जिससे इस समस्या से बचा जा सकता हैं।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डायरेक्ट विश्वाजीत बारीक़, बी. एड. कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या, आई. क्यू. ए. सी., नैक कॉर्डिनेटर, रा. से. यों कार्यक्रम अधिकारी सहित समस्त बी. एड.एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थिति रहे और कॉलेज के समस्त विद्यार्थियों की उपस्थित रहे।

# कहीं बदली तो कहीं हल्की धूप

## उमस से लोगों को मिली थोड़ी राहत, 24 डिग्री रिकॉर्ड किया गया न्यूनतम तापमान



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** न्यायधानी बिलासपुर के आसमान में सुबह से बदली छाई रही, लेकिन कहीं हल्की धूप भी नजर आई। उमस से लोगों को थोड़ी राहत मिली। सुबह के वक्त सैर करने वालों को बदली का साथ अच्छा लगा।

शहर का अधिकतम तापमान शुक्रवार को 32.6 डिग्री सेल्सियस रहा, लेकिन अगले ही दिन वह 33.4 डिग्री पर पहुंच गया। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से अधिक है।

**23.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड:** पिछले 24 घंटों में शहर का न्यूनतम तापमान बहतराई स्थित मौसम विज्ञान केंद्र में 23.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। यानी बदली के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट भी महसूस की गई। पूर्व में मौसम वैज्ञानिकों ने 15 अक्टूबर से गुलाबी ठंड शुरू होने का अनुमान जताया था, लेकिन लोग अब भी इसकी दस्तक का इंतजार कर रहे हैं।

**बारिश की संभावना:** मौसम वैज्ञानिक हरिप्रकाश चंद्रा के मुताबिक ऊपरी हवा का चक्रवात उत्तर अंडमान सागर के ऊपर चक्रवात की संभावना से बादल और नमी आ सकती है। बूंदाबादी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# चोरी के साड़ी-ब्लाउज पहनकर नाचता है ये चोर

## 4 साल से चुरा रहा था महिलाओं के कपड़े, बोला- अच्छा लगता है






**मीडिया ऑडीटर, जशपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले महिलाओं की साड़ी-पेटीकोट और ब्लाउज चोरी करने वाला एक चोर पकड़ में आया है। इन कपड़ों को पहनकर वह डांस करता था। चोर का कहना है कि उसे ऐसा करना अच्छा लगता था। मामला नारायणपुर थाना क्षेत्र का है।

जिले में महिलाओं के कपड़े लंबे समय से चोरी हो रहे थे। महिलाएं जब भी कपड़े धोकर उन्हें सुखाने के लिए बाहर टांगती, वो गायब हो जाते हो जाते। पकड़े गए आरोपी चोर ने बताया कि वह करीब 4 साल से इन कपड़ों की चोरी कर रहा था।

**अफसर के घर से चुराई साड़ियां:** जानकारी के मुताबिक, रानी कोम्बो गांव के कृषि अधिकारी सलिल कुजूर के घर से साड़ियां चोरी हो गई। उन्होंने 18 अक्टूबर को इसकी शिकायत दर्ज कराई। इसमें बताया कि, वह 12 अक्टूबर को पत्नी के इलाज के लिए बाहर गए थे। जब लौटे तो घर का दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर गए तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा है और अलमारी में रखीं 7 साड़ियों की चोरी हुई है। बाकी सामान सही सलामत था। बार-बार महिलाओं के कपड़े चोरी की शिकायतों पर पुलिस ने जांच की और चिटकवाइन गांव निवासी इमिल तिर्की को गिरफ्तार कर लिया।


**महिलाओं के कपड़े पहनकर नाचता था:** पुलिस ने आरोपी इमिल तिर्की से कई साड़ियां बरामद की हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि, गांव-गांव जाकर घरों के बाहर सूख रहे महिलाओं के कपड़े, साड़ी, पेटीकोट और ब्लाउज की चोरी करता था। इसे पहनकर वह नाचता भी था। उसे ऐसा करने में मजा आता था।

**न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल:** बगीचा एसडीओपी निमिषा पाण्डेय का कहना है कि, इतने साल तक महिलाओं के कपड़े चोरी करते आ रहा है, लेकिन आज तक किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। अब केस के आधार पर आरोपी को पकड़ा गया है साथ ही न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# 2 साल की बच्ची को किडनैप कर रेप

## झाड़ियों में खून से लथपथ मिली मासूम, रोने की आवाज सुनकर पहुंचे थे लोग





**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में 2 साल की बच्ची से रेप किया गया। बताया जा रहा है कि बच्ची खून से लथपथ हालत में झाड़ियों में मिली है। गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार की शाम करीब 7 बजे बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान उसे एक शख्स किडनैप कर ले गया। कुछ दूर ले जाकर आरोपी ने बच्ची से दुष्कर्म किया और झाड़ियों में फेंक दिया।

**बच्ची की रोने की आवाज सुनकर पहुंचे लोग:** बताया जा रहा है कि बच्ची के गायब होने के बाद परिजन परेशान हो गए। आस-पास खोजने लगे, लेकिन बच्ची बहुत देर तक नहीं मिली। इसके बाद रात को बच्ची की रोने की आवाज सुनाई दी। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी।

**प्राइवेट पार्ट्स से ब्लड निकल रहा था:** झाड़ियों के बीच बच्ची खून से सनी रो रही थी। उसके प्राइवेट पार्ट्स से ब्लड निकल रहा था। इसके बाद परिजन बच्ची को नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। साथ ही पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई।

**पुलिस संदेहियों से कर रही है पूछताछ:** मामले में एएसपी राजेंद्र जायसवाल और थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि एफआईआर के बाद हमारी टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान टीम ने वारदात को लेकर मौके से सबूत जुटाए हैं। आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। वहीं कुछ संदेहियों को पकड़कर भी पूछताछ की जा रही है।

# लग्जरी कार से गांजा की सप्लाई

## ओडिसा की ओर से आ रहा था नशीला पदार्थ, पुलिस ने चेकिंग में डेढ़ क्विंटल गांजा किया जब्त



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** राजधानी रायपुर में लग्जरी कार से गांजा की सप्लाई हो रही है। पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही कार को चेकिंग में पुलिस ने पकड़ लिया गया है। बताया जा रहा है कि कार से करीब डेढ़ क्विंटल गांजा जब्त किया गया है। यह पूरा मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, मंदिर हसौद पुलिस को रविवार देर रात सूचना मिली कि ओडिसा की ओर से दो अलग-अलग गाड़ियों में तीन लोग गांजा लेकर आ रहे हैं। जिसके बाद एएसपी रायपुर ग्रामीण कीर्तन राठौर के निर्देश पर थाना की टीम ने चेकिंग अभियान शुरू किया। इस दौरान पुलिस ने दो गाड़ियों को पहचान कर रूकवाया।

**3 आरोपियों से पूछताछ जारी:** इन गाड़ियों की जांच पड़ताल करने पर पुलिस को अंदर से गांजा के पैकेट मिले। जिसका वजन करीब डेढ़ क्विंटल है। पुलिस ने इस मामले में 3 आरोपियों को हिरासत में लिया है। हालांकि इस मामले में पुलिस अफसरों का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ के बाद उनके नामों का खुलासा किया जाएगा।

## ट्रेलर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

# लैलूंगा रोड पर हुआ हादसा, काम के बाद घर लौट रहा था युवक




**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के लैलूंगा में एक ट्रेलर ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, रूडूकेला निवासी मनोज कुमार भगत (26) लैलूंगा के नीरज प्रोविजनल स्टोर में काम करता था। हर दिन की तरह शनिवार को वो दुकान काम करने गया। रात में करीब 8 बजे अपनी बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था।

तभी रास्ते में लैलूंगा और रूडूकेला के बीच ट्रेलर ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी। इससे वो बाइक से दूर जा गिरा। उसके सिर, हाथ और पैर पर गंभीर चोटें आई। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

**लोगों की भीड़ हुई इकट्ठा:** घटना के बाद जब मामले की जानकारी आसपास के लोगों को लगी, तो काफी संख्या में लोग यहां पहुंच गए। मामले की सूचना लैलूंगा पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजवा दिया। जहां पीएम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**आरोपी चालक हुआ फरार:** लैलूंगा थाना प्रभारी राजेश जांगड़े ने बताया कि, घटना को अंजाम देकर आरोपी चालक फरार हो गया है। उसके बारे में पतासाजी की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। घटना रूडूकेला रोड पर क्रेशर के पास हुआ है। मामले में आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

# कुछ देर में दरिमा एयरपोर्ट का पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ

## 80 करोड़ की लागत से बना, पहली फ्लाइट से राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री भरेंगे उड़ान





**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ को आज एक और एयरपोर्ट मिल रहा है। सरगुजा जिले के दरिमा एयरपोर्ट का पीएम नरेंद्र मोदी कुछ देर में वाराणसी से वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। दरिमा से 19 सीटर और 72 सीटर हवाई सेवाएं प्रस्तावित हैं। पहली फ्लाइट में राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य मंत्री रायपुर आएंगे। हालांकि नियमित उड़ान सेवा के लिए अभी तारीख तय नहीं है। सरगुजा संभाग मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर स्थित मां महामाया एयरपोर्ट को 80 करोड़ की लागत से बनाया गया है। हवाई सेवा से जुड़ने से सरगुजा संभाग के समस्त जिलों सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

**दरिमा एयरपोर्ट का इतिहास:** दरिमा हवाई पट्टी का निर्माण 1950 में हुआ था। डब्ल्यूबीएम सरफेस रनवे की लंबाई 1200 मीटर थी। इस हवाई पट्टी का कई मशहूर हस्तियां दौरा कर चुकी हैं। 2012-13 में भारत सरकार की उड़ान योजना के तहत अंबिकापुर हवाई पट्टी के उन्नयन को मंजूरी मिली थी। इसे छोटे विमानों की आवाजाही के लिए बनाया गया था। वर्ष 2021 में सरकार ने 3 सीवीएफआर के मानकों के अनुसार एयरपोर्ट के विकास को मंजूरी दी। रनवे की लंबाई 1500 मीटर से बढ़ाकर 1800 मीटर कर दी गई है। यहां 72 सीटर विमान का संचालन किया जा सकेगा।

**19 और 72 सीटर विमान सेवाएं हैं प्रस्तावित:** उड़ान योजना के तहत फ्लाइंग बिग ने 19 सीटर विमान सेवा संचालित करने का प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा एलायंस एयर ने 72 सीटर विमान उतारकर ट्रायल पूरा कर लिया है। एलायंस एयर ने रायपुर-अंबिकापुर-वाराणसी रूट पर उड़ान संचालन में रुचि दिखाई है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं हुई है।



# बूढ़ातालाब में चौपाटी बनाने का विरोध

## एनजीओ ने कहा- गार्डन में धंधा बंद करो, गार्डन-तालाब में लोगों को साफ हवा लेने दें

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर के बूढ़ातालाब में पाथ-वे पर चौपाटी बनाने के विरोध में स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी आगे आ गई हैं। रविवार को ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने बूढ़ातालाब पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। सभी ने एक स्वर में तालाब किनारे बने पाथ-वे से चौपाटी के लिए बनाए गए लोहे और स्टील के स्टॉल को हटाने की मांग की है।

**गार्डन में धंधा बंद करो:** ग्रीन आर्मी के लोगों ने कहा कि, आज शहर में तालाब और गार्डन सुरक्षित नहीं है। लगातार शहर के गार्डन और तालाब को कमाई का जरिया बनाया जा रहा है। जिसके चलते रायपुर शहर के लोगों ले लिए शहर में बहुत कम ही गार्डन और तालाब बचे है। जहां वे खुले में साफ हवा ले सके। इसलिए गार्डन में धंधा बंद होना चाहिए। बूढ़ा-तालाब में तैयार हो रही चौपाटी नहीं खुलनी चाहिए।

## बम की धमकी, 20 फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली/मुंबई ( एजेंसी )।** देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को 20 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह विमान शामिल हैं। एक दिन पहले शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों को धमकी मिली थी। इसके चलते सैकड़ों यात्री घंटों परेशान हुए। पिछले एक हफ्ते में 90 से ज्यादा विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है। बाद में ये सभी झूठी साबित हुईं। इन धमकियों की वजह से अब तक 200 करोड़ रुपए तक का नुकसान हो चुका है। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से डिटेल रिपोर्ट मांगी है। वहीं, केंद्र ने शनिवार को चीफ विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, शनिवार को एक साथ 30 धमकियां मिलने के बाद विमान कंपनियों के बड़े अधिकारियों ने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के अफसरों से मुलाकात की। ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल जुल्फिकार हसन ने उन्हें भरोसा दिलाया कि भारतीय आकाश पूरी तरह सुरक्षित है।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा-मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा है। सेना को नवीन तकनीक के नवीनतम हथियार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विदेशी हथियारों पर भारतीय सेना की निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी लड़ाकू विमान और हथियार निर्माण पर विशेष ध्यान दिया है।

अब हम सिर्फ युद्ध का जवाब ही नहीं देते बल्कि घर में घुसकर मारते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 3 ईएमई सेंटर भोपाल में भूतपूर्व सैनिक सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों की देश भक्ति और समर्पण में वर्तमान सेना की नींव रखी है। जब भी मौका पड़ा आप सभी ने वीरता और शौर्य का परिचय देकर भारतीय लोकतंत्र की रक्षा की है। भारत के साथ और भी देश आजाद हुए थे। लेकिन वर्तमान समय में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र यदि जीवित है तो यह भारतीय सेना के कारण ही संभव हुआ है। सेना ने देश की सीमाओं की रक्षा कर लोकतंत्र को जीवित रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिकों के अविस्मरणीय योगदान के लिए प्रदेश की जनता की ओर से अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सैनिक कल्याण में सदैव अग्रणी रहा है। यहाँ सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के लिये विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन हो रहा है।



## कोलकाता रेप-मर्डर, ममता की डॉक्टरों से अपील- अनशन खत्म करें

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में अनशन कर रहे डॉक्टरों से बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने अनशन खत्म करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की अधिकतर मांगें पूरी कर दी गई हैं, हालांकि लेकिन स्वास्थ्य सचिव को हटाने की मांग को अस्वीकार कर दिया। ममता ने कहा- हर किसी को विरोध का अधिकार है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। किसी विभाग में हर किसी को एक साथ हटाना संभव नहीं है। हमने पहले ही डीएचएस और डीएमई को हटा दिया है, इसलिए, राजनीति से ऊपर उठकर काम पर लौटें। ट्रेनी डॉक्टर के लिए न्याय और मेडिकल सुविधाओं में सुधार की मांग करते हुए जूनियर डॉक्टर पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। अब तक छह डॉक्टरों को खराब स्वास्थ्य के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आठ अन्य अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। डॉक्टरों की मांग है कि राज्य सरकार 21 अक्टूबर तक समस्या को सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाए। सोमवार को डॉक्टरों से मिलेंगी ममता बनर्जी चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत ने शनिवार शाम को डॉक्टरों को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सोमवार को स्टेट सेक्रेटेरिएट में 45 मिनट की बैठक में आने का आमंत्रण दिया। हालांकि उन्होंने इसके लिए डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की। जवाब में डॉक्टरों ने अपनी सभी मांगें पूरी होने तक अनशन खत्म करने से इनकार कर दिया, लेकिन बैठक में शामिल होने के लिए सहमति जताई। ममता बा ममता बोलीं- क्या ये सही है कि डॉक्टर तय करें किसे हटाना चाहिए?

## महाराष्ट्र भाजपा की 99 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को बीजेपी ने 99 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की। इनमें 6 सीटें एसटी और 4 सीटें एससी के लिए हैं। वहीं, 13 सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया गया है। 10 पहली बार चुनाव लड़ेंगे। मौजूदा तीन निर्दलीय विधायकों को भी भाजपा ने टिकट दिया है डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से, महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कामठी से लड़ेंगे। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को भोकर और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के बेटे संतोष दानवे को भोकरदन सीट से टिकट दिया गया है। पार्टी ने 3 मौजूदा विधायकों का टिकट काटा है। 3 निर्दलीय को भी टिकट भाजपा की पहली लिस्ट में तीन निर्दलीय महेश बाल्दी (उरान), राजेश बाकाणे (देवली), विनोद अग्रवाल (गोंदिया) शामिल हैं। लोकसभा चुनाव हारे 2 को टिकट मई महीने में चंद्रपुर सीट से लोकसभा चुनाव हारे सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर विधानसभा और मिहिर कोटेचा को मुलुंड सीट से टिकट मिला है। 2 भाइयों को मिला टिकट मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार को बांद्रा पश्चिम से और उनके भाई विनोद शेलार को मलाड पश्चिम से टिकट मिला।



## बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में 10वीं गिरफ्तारी

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 10वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। नवी मुंबई इलाके से आरोपी भगवंत सिंह को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि भगवंत सिंह एक आरोपी के साथ हथियार लेकर उदयपुर से मुंबई गया था। वह शुरू से ही शूटर्स और साजिशकर्ताओं के संपर्क में था। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की 15 टीमें अलग-अलग एंगल से मामले की जांच कर रही हैं। एक दिन पहले 19 अक्टूबर को पांच आरोपियों को पकड़ा गया था। पुलिस ने डोंबिवली से नितिन सप्रे,पनवेल से रामफुल चंद कनौजिया, संभाजी किशोर पारधी, प्रदीप दत्तू थोम्ब्रे और चेतन पारधी को अंबरनाथ से गिरफ्तार किया था। ये सभी लोग मुख्य साजिशकर्ता शुभम लोनकर और मास्टरमाइंड मोहम्मद जीशान अख्तर के संपर्क में थे। ये दोनों अभी फरार हैं। कोर्ट ने सभी को 25 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड में भेज दिया है। 12 अक्टूबर की रात को बाबा सिद्दीकी की उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस गैंग ने ली है। गैंग ने बाबा के मर्डर का कारण बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान को बताया है। सलमान को आज भी ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है।

## कश्मीर की पहली अंतर्राष्ट्रीय मैराथन शुरू, उमर अब्दुल्ला और सुनील शेट्टी ने दिखाई हरी झंडी

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को श्रीनगर में विशाल अंतर्राष्ट्रीय मैराथन को हरी झंडी दिखाई। रविवार सुबह करीब 6.20 बजे उमर अब्दुल्ला और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने पोलो व्यू स्ट्रीट से पहली अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कुछ समय तक एथलीटों के साथ दौड़ भी लगाई। इस दौरान उनके सुरक्षाकर्मी भी उनके साथ-साथ दौड़े। अधिकारियों ने बताया कि पहली बार कश्मीर में मेगा इंटरनेशनल मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 59 विदेशी अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों सहित 2 हजार एथलीट हिस्सा लेंगे। एथलीट 42 किलोमीटर की फुल और 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ेंगे।



## दर्दनाक हादसाः तेज रफ्तार बस ने टेंपो को मारी टक्कर, 8 बच्चों समेत 12 लोगों की मौत

**धौलपुर ( एजेंसी )।** राजस्थान के धौलपुर में बीती देर रात नेशनल हाईवे-11बी पर भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में 8 बच्चों और दो महिलाओं समेत 12 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार को देर रात करीब 11 बजे एक तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। यह हादसा बाड़ी उपखंड इलाके में हुआ। टेंपो में सवार लोग किसी कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार बस ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। इस दौरान हाईवे से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए धौलपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, मृतकों के शवों को बाड़ी अस्पताल की मॉर्चूरी में रखवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



## दिल्ली के रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास तेज धमाका, मचा हड़कंप

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली के रोहिणी स्थित प्रशांत विहार इलाके में सोमवार को धमाके की तेज आवाज सुनाई दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह धमाका केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के स्कूल की दीवार के पास हुआ। धमाके के तुरंत बाद धुएं का एक बड़ा गुबार देखा गया, जिससे स्थानीय लोग दहशत में आ गए। रोहिणी के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि धमाके की असल वजह का पता लगाने के लिए एक्सपर्ट्स को बुलाया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि धमाका किस प्रकार का था और इसका स्रोत क्या है। डीसीपी ने कहा कि विशेषज्ञ टीम घटना की विस्तृत जांच कर रही है और जल्द ही स्थिति स्पष्ट होगी। दिल्ली पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाया है। एफएसएल की टीम धमाके के कारणों की जांच करेगी और यह स्पष्ट करेगी कि यह किसी प्रकार का हमला है या फिर कोई दुर्घटना।

## 15 दिन में जारी की जाए नगर निगम चुनाव की अधिसूचना, हाईकोर्ट का पंजाब सरकार को आदेश

**अमृतसर ( एजेंसी )।** नगर निगम चुनावों को लेकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार को निर्देश दिया है। कोर्ट ने आदेश देते हुए कहा कि उन सभी नगर पालिकाओं और नगर निगमों में चुनाव कार्यक्रम अधिसूचित करके चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू करे, जहां लंबे समय से चुनाव होने हैं। कोर्ट ने पंजाब की 5 नगर निगम और 42 नगर परिषद के चुनाव करवाने के लिए पंजाब सरकार को 15 दिन के भीतर नोटिफिकेशन जारी करने के आदेश जारी किए हैं। हाई कोर्ट में नगर निगम और नगर परिषद के चुनाव करवाने को लेकर दो पीआईएल दाखिल की गई थी। जिस पर 14 अक्टूबर को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने नगर निगम और नगर परिषद चुनाव को लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। उच्च न्यायालय ने राज्य को नए सिरे से परिसीमन किए बिना चुनाव कराने के लिए 15 दिन की समय सीमा तय की है। इसके साथ ही, राज्य में फगवाड़ा, अमृतसर, पटियाला, जालंधर, लुधियाना के नगर निगमों और 42 नगर परिषद-नगर पंचायतों के चुनाव होंगे, जहां चुनाव पांच साल की अवधि समाप्त होने के बाद होने थे।

## किसानों के हितों की रक्षा के लिए धान की मिलिंग हेतु प्लान बी तैयार : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार के पास व्यापक जनहित में राज्य भर में धान की मिलिंग करने के लिए प्लान बी तैयार है। यहां पंजाब भवन में संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, आढ़तियों और मिल मालिक राज्य में अनाज उत्पादन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और इस कड़ी को तोड़ा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कड़ी के हर हिस्सेदार के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि किसी भी हिस्सेदार को ब्लैकमेल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और अगर जरूरत पड़ी तो राज्य सरकार राज्य के बाहर धान की मिलिंग कराने से भी परहेज नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के पास आम अनाज उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए धान की मिलिंग कराने के लिए प्लान बी तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लेने से पीछे नहीं हटेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य की विरोधी ताकतें किसानों को परेशान कर धान की खरीद का श्रेय लेने और इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धान की सुचारू और निर्बाध खरीद के लिए प्रतिबद्ध है और इस फैसले को सही ढंग से लागू करने को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना हमारी जिम्मेदारी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह खुद धान की निर्बाध खरीद और भुगतान की निगरानी कर रहे हैं और इस कार्य के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों की फसल के मंडियों में पहुंचते ही उसकी खरीद के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मंडियों में धान की बेकद्री की अनुमति नहीं दी जाएगी और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस साल मंडियों में 185 लाख मीट्रिक टन धान आने की संभावना है, जिसके लिए राज्य भर में 2651 मंडियों की स्थापना की गई है। भगवंत सिंह मान ने बताया कि मंडियों में लगभग 18.31 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हुई है, जिसमें से 16.37 लाख मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है और किसानों को तीन हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल धान की लदाई में देरी के कारण मौजूदा समय में भंडारण की समस्या पैदा हो रही है।



## भागलपुर : राम मंदिर में मूर्तियों को खंडित करने पर हंगामा, आरोपी गिरफ्तार

**भागलपुर( एजेंसी )।** झारखंड बॉर्डर से सटे बिहार के भागलपुर जिले के सन्हौला बाजार स्थित राम जानकी मंदिर में मूर्तियों को खंडित करने की खबर सामने आई है। इस घटना के विरोध में लोग सड़क पर उतर आए। हालांकि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, सन्हौला बाजार के राम जानकी मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों ने मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया, जिसके बाद स्थानीय निवासियों में आक्रोश फैल गया। लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

हंगामा इतना बढ़ गया कि इलाके की सड़कें जाम हो गईं, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। स्थानीय लोगों ने घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



# मुश्किल में टीम इंडिया, न्यूजीलैंड को जीत के लिए चाहिए 107 रन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जहां चौथे दिन सरफराज खान और ऋषभ पंत ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर भारतीय टीम की मैच में वापसी कराई। सरफराज ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़ा तो पंत महज 1 रन से शतक से चूक गए। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 211 गेंद में 177 रन की साझेदारी हुई। सरफराज 195 गेंद में 150 रन बनाकर पवेलिय लौटे। पंत 99 रन बनाकर आउट हुए। तो राहुल 16 गेंद में 12 रन ही बना सके, रविंद्र जडेजा 15 गेंद में पांच रन ही बना पाए। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरी पारी में 99.3 ओवर में 462 रन बनाए हैं और 106 रन की बढ़त हासिल की है। वहीं न्यूजीलैंड के सामने अब जीत के लिए महज 107 रन का लक्ष्य है। वहीं चौथे के आखिर में बारिश के कारण खेल आगे नहीं हो सका। न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में सिर्फ 4 ही गेंद खेला पाई और बारिश के कारण मैदान से बाहर




चली गई। बारिश तेज होने के कारण अंपायर ने स्टंप की घोषणा कर दी। सरफराज और पंत के आउट होने के बाद टीम इंडिया अपना स्कोर बड़ा नहीं कर पाई। एक के बाद एक करके सभी खिलाड़ी अपना विकेट गंवाते चले गए और विपक्षी टीम के सामने 107 रनों का आसान लक्ष्य ही रख पाए। इससे न्यूजीलैंड 36 साल में पहली बार भारत में टेस्ट मैच जीतने के करीब पहुंच गया है।

न्यूजीलैंड ने भारत में आखिरी टेस्ट मैच 1989 में मुंबई में जीता था। तब सर रिचर्ड हैडली ने 10 विकेट लेकर अपनी टीम को 136 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। सरफराज ने अपनी 195 गेंद की पारी में 18 चौके और तीन छक्के लगाये जबकि पंत ने 105 गेंद की पारी में नौ चौके और पांच छक्के जड़े। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया ही था कि पहले ओवर के दौरान खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने मैच को रोक दिया। इसके बाद तेज बारिश होने लगी और दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया।

# श्रेयस अय्यर ने 3 साल बाद किया कारनामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर ने शनिवार 19 अक्टूबर को मुंबई और महाराष्ट्र के बीच रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में तीन साल बाद फर्स्ट क्लास सेंचुरी जड़ी है। कप्तान अंजिक्य रहाणे के आउट होने के बाद मुंबई के लिए पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए अय्यर ने युवा ओपनर बल्लेबाज आयुष म्हात्रे के साथ मिलकर मुंबई को महाराष्ट्र के पहले पारी के स्कोर से आगे बढ़ाया। दोनों ने दूसरे दिन 200 रनों की मजबूत साझेदारी की और मुंबई को 300 रनों के पार पहुंचाया। म्हात्रे 176 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि अय्यर ने 131 गेंदों में 9 चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। इस शतक ने अय्यर के लिए लंबे समय से चले आ रहे सूखे को खत्म किया है। अय्यर 2024 की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के बाद से भारत के टेस्ट सेट-अप से बाहर चल रहे हैं। 29 वर्षीय अय्यर का पिछळा फर्स्ट क्लास शतक नवंबर 2021 में कानपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ आया था। अय्यर ने महाराष्ट्र के खिलाफ पारी के दौरान 6000 फर्स्ट क्लास रन भी पूरे किए। 2024-25 के घरेलू क्रिकेट सत्र की शुरुआत से ही अय्यर का प्रदर्शन खराब रहा है। दलीप ट्रॉफी में अय्यर ने 6 पारियों में दो अर्धशतक और इतने ही शून्य के साथ केवल 154 रन बनाए। मुंबई के लिए ईरानी कप मुकाबले में अय्यर ने दो पारियों में 57 और 8 रन बनाए।

# इशान किशन भारत ए के ऑस्ट्रेलिया दौरे के साथ राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किये जाने वाले विकेटकीपर इशान किशन के भारत ए टीम में वापसी करने की काफी संभावना है। किशन को घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) को प्राथमिकता देने के कारण बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया था। किशन इस सत्र में घरेलू क्रिकेट में वापसी पर झारखंड का नेतृत्व कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय 'टेस्ट' के अलावा वह सीनियर टीम के साथ एक 'इंट्रा-स्क्वाड' अभ्यास मैच में भाग लेने के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो 'टेस्ट' 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैके और फिर सात से 10 नवंबर तक एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट मैदान) में होंगे। बीसीसीआई ने हालांकि अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है लेकिन रुतुराज गायकवाड़ या अभिमन्यु ईश्वरन में से किसी एक को टीम का नेतृत्व करने की उम्मीद है। अभिमन्यु ने अपने पिछले चार प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक बनाए हैं। वह सीनियर टीम में वैकल्पिक सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल हो सकते हैं क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में से एक के दौरान ब्रेक लेंगे।

# 99 पर आउट होने वाले दूसरे विकेटकीपर बने ऋषभ पंत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट में भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने अपनी बेहतरीन पारी के दम पर सबको प्रभावित किया है। हालांकि, वो अपने शतक से चूक गए और 99 रन पर आउट हो गए। 99 रन पर आउट होने के बाद पंत भारतीय टेस्ट इतिहास में इस स्कोर पर आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। पंत ने पहली पारी में भारत के लिए सबसे ज्यादा 20 रन बनाए थे और दूसरी पारी में शतक बना लेते लेकिन दुर्भाग्यवश वो इसे पूरा करने में असफल रहे। भारतीय टेस्ट इतिहास में 99 रन पर आउट होने वाले पहले विकेटकीपर एमएस धोनी थे। धोनी ने साल 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ हुए टेस्ट मैच में 99 रन पर आउट हुए थे और इस स्कोर पर आउट होने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बने थे। अब 12 साल के बाद ऋषभ पंत के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ और वो धोनी के बाद इस स्कोर पर टेस्ट में आउट होने वाले दूसरे भारतीय विकेटकीपर बन गए। वैले पंत ओवरऑल 99 पर आउट होने वाले दुनिया के चौथे विकेटकीपर बने। पंत टेस्ट क्रिकेट में 6 शतक लगा चुके हैं और 7 बार नाइनटीज पर आउट हुए हैं। पंत टेस्ट क्रिकेट में 99 पर आउट होने वाले 11वें भारतीय खिलाड़ी बने। उनसे पहले 10 खिलाड़ियों के साथ ऐसा हो चुका है। इस लिस्ट में सौरव गांगुली, नवजोत सिंह, वीरेंद्र सहवाग, एमएस धोनी, मुरली विजय जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं।

# वीरेंद्र सहवाग के पिता ने क्रिकेट खेलने पर लगाया था बैन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज यानी की 20 अक्तूबर को भारत के लिए खेलने वाले अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग अपना 46वां जन्मदिन मना रहे हैं। वीरेंद्र सहवाग क्रिकेट की दुनिया में कई रिकॉर्ड बना चुके हैं। इसके अलावा वह सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं। महज 12 साल की उम्र से ही वीरेंद्र सहवाग ने क्रिकेट खेलना शुरूकर दिया था। लेकिन एक घटना के कारण इनके पिता ने सहवाग के क्रिकेट खेलने पर बैन लगा दिया था। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

हरियाणा में 20 अक्तूबर 1979 को वीरेंद्र सहवाग का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम कृष्ण सहवाग था, जोकि अनाज का व्यापार करते थे। वीरेंद्र सहवाग ने अपनी शुरूआती शिक्षा हरियाणा से पूरी की। वहीं 12वीं पास करने के बाद उन्होंने दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने विकासपुरी में स्थित क्रिकेट कोचिंग सेंटर में कोच एएन शर्मा से क्रिकेट के दांव-पेंच सीखे थे।

**पिता ने क्रिकेट खेलने पर लगाया था प्रतिबंध**

बताया जाता है कि वीरेंद्र सहवाग की क्रिकेट में रुचि 7 महीने की उम्र से ही दिखने लगी थी, जब उन्होंने वीरू को खिलौने वाला बैट लाकर दिया था। फिर 12 साल की उम्र में वीरेंद्र सहवाग का क्रिकेट खेलने के दौरान दांत टूट गया था। जिसके बाद सहवाग के पिता ने उनके क्रिकेट खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि बाद में मां की इजाजत मिलने के बाद उनको क्रिकेट खेलने की इजाजत मिली थी।

**सहवाह को मिले कई उपनाम**

वीरेंद्र सहवाग दाएं हाथ के बल्लेबाज के तौर पर फेमस हैं। उनको वीरू, मुल्तान के सुल्तान, नजफगढ़ के नवाब और जेन मास्टर ऑफ मॉडर्न क्रिकेट जैसे नामों से जाना जाता है।

# कोच श्रीजेश की देखरेख में भारतीय जूनियर टीम सुल्तान जोहोर कप में जापान के खिलाफ करेगी आगाज

**जोहोर, मलेशिया (एजेंसी)।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता दिग्गज पीआर श्रीजेश को भारत के नए जूनियर पुरुष हॉकी कोच के रूप में अपनी पहली बड़ी परीक्षा का सामना शनिवार को यहां जापान के खिलाफकरना पड़ेगा, जब अंडर-21 टीम 12वें सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान का आगाज करेगी। इस 36 वर्षीय पूर्व गोलकीपर ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कांस्य जीतने के बाद खिलाड़ी के तौर पर खेल को अलविदा कह दिया था। उन्होंने इसके तुरंत बाद जूनियर टीम की बागडोर संभाली जो सुल्तान जोहोर कम में चौथी बार चैम्पियन बनने के इरादे से मैदान में उतर रही है। भारत ने मई 2023 में जूनियर एशिया कप में अपने आखिरी मुकाबले में जापान पर 3-1 से जीत हासिल की और 2022 के सुल्तान जोहोर कप में भी इस टीम को 5-1 से हराया था।

कप्तान आमिर अली ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, "टीम नए मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में अच्छी ट्रेनिंग कर रही है और हम उनके साथ अपना पहला टूर्नामेंट खेलने के लिए उत्साहित हैं।" उन्होंने कहा, "पिछली बार जर्मनी से हारने के बाद, हम अपने खिताब का बचाव नहीं कर सके थे।

इस बार हमारी तैयारी

# बाबर आजम के बचाव में उतरा पाकिस्तान के तेज गेंदबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बाबर आजम पिछले कुछ समय से आउट ऑफ फॉर्म से गुजर रहे हैं। लगातार प्रयास के बावजूद उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं। इसी कारण से उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच की स्क्वाड से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। फिर पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 152 रनों से हरा दिया है। वह भी बाबर और शाहीन अफरीदी जैसे बड़े खिलाड़ियों के बिना। पाकिस्तान को लंबे समय बाद घर पर टेस्ट मैच में जीत नसीब हुई इसके बाद फैंस ने बाबर की सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना की। आमिर ने बाबर आजम को सपोर्ट करते हुए एक पोस्ट शेयर किया। इसमें लिखा कि यार प्लीज ये घटिया सोच खत्म करो कि बाबर टीम में नहीं था या वो खिलाड़ी टीम में नहीं था, तो हम जीत गए। हम बेहतर प्लान बनाकर साथ में खेले, घर में खेलने का फायदा लिया और जीत गए। प्लीज पर्सनल ना हों अपने खिलाड़ियों के साथ। प्रदर्शन के आधार पर बात करें। बता दें कि, बाबर आजम ने अपने पिछले 8 टेस्ट मैचों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। उनका पिछला टेस्ट अर्धशतक जनवरी 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ आया था। वह अपने करियर के खराब दौर से गुजर रहे हैं। जहां लिमिटेड ओवर्स के कप्तान के तौर पर वह इस्तीफा दे चुके हैं और वहीं स्क्वॉड से उन्हें बाहर कर दिया है।



# रोहित शर्मा से फैन ने पूछा आईपीएल 2025 में किस टीम से खेलना पसंद करेंगे? हिटमैन ने दिया ये जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड पहला टेस्ट मैच बेंगलुरु में खेला जा रहा है। ये आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के होम ग्राउंड एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ये टेस्ट मैच हो रहा है। वहीं इस दौरान आईपीएल 2025 को लेकर कप्तान रोहित शर्मा का मन टटोलने की कोशिश की। फैन ने हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित से पूछा कि वह आईपीएल में किस टीम से खेलना पसंद करेंगे? इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा। वहीं इसका वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें स्टेडियम में मौजूदा फैन फिटमैन से सवाल करता है, रोहित भाई, आईपीएल में कौन सी टीम? रोहित ऊपर देखने के बाद नीचे देखते हैं और बोलते हैं किधर चाहिए बोल? इस पर फैन कहता है कि भाई आरसीबी में आ जाओ। लव यू भाई। रोहित के वीडियो पर खूब प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। बता दें कि, रोहित आईपीएल में



मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं। उनकी कप्तान में एमआई ने पांच आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं। आईपीएल 2024 में रोहित की जगह हार्दिक पंड्या को एमआई की कप्तानी सौंपी गई थी, जिससे काफी फैंस नाराज हुए। आईपीएल 2025 रिटेंशन लिस्ट जारी होने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। एमआई रोहित को रिटेन कर सकती है रोहित 2011 से मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रहे हैं। बता दें कि, एक फ्रेंचाइजी ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है, जिसमें नीलामी का एक राइट टू मैच कार्ड भी शामिल होगा। 2022 में पिछले मेगा ऑक्शन में एक टीम को चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई थी।

# जियो सिनेमा पर नहीं दिखेगा आईपीएल का नया सीजन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के नए सीजन का क्रिकेट फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन उससे पहले ही फैंस के लिए बुरी खबर आई है। दरअसल, इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन का रोमांच इस बार जियो सिनेमा पर नहीं दिखेगा। रिलायंस कंपनी और हॉटस्टार का विलय होने जा रहा है, जिसके चलते ये कदम उठाया जा रहा है। रॉयटर्स की खबरे के मुताबिक क्रिकेट के सबी मैच और बाकी स्पोर्टिंग इवेंट अब जियो सिनेमा पर दिखाए नहीं जाएंगे। आईसीसी टूर्नामेंटस के होस्टिंग राइट पहले से ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पास हैं। वहीं आईपीएल 2025 का रोमांच इस बार फैंस को जियो सिनेमा पर नहीं मिलेगा। रिलायंस कंपनी और डिज्नी इंडिया के बीच तकरीबन 71,455 करोड़ में डील तय हुई है। दोनों कंपनियों के बीच फरवरी 2024 में ही डील पक्की हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक जियो सिनेमा पर आने वाले सभी बड़े स्पोर्ट्स इवेंट अब डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर दिखाई देंगे। हालांकि, इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। बता दें कि जियो सिनेमा के पास अभी आईपीएल, इंग्लिश प्रीमियर लीग और प्रो कबड्डी लीग के होस्टिंग राइट्स हैं। वहीं डिज्नी के पास आईसीसी टूर्नामेंट के राइट्स हैं। वहीं डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पास बेहतर लाइव स्ट्रीमिंग टेक्नोलॉजी होने के चलते



सभी स्पोर्ट्स इवेंट के होस्टिंग राइट्स जियो सिनेमा से हॉटस्टार पर ट्रांसफर किए जा रहे हैं। दूसरा पहलू ये भी है कि हॉटस्टार का लाइव स्ट्रीमिंग में रिकॉर्ड काफी जबरदस्त है। 2023 में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल को एक साथ हॉटस्टार पर 59 मिलियन फैंस ने देखा था। फिलहाल, आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन नवंबर के आखिर तक होने की उम्मीद है। सभी टीमों को रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट बीसीसीआई को 31 अक्टूबर तक सौंपनी है। माना जा रहा है कि ऑक्शन में इस बार बड़े नाम नजर आ सकते हैं। नए नियमों के अनुसार, हर टीम को इस बार 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने की परमिशन दी गई है। जिसमें से एक खिलाड़ी अनकैप्ड होना जरूरी है।

## प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण

# विन्ध्य को माल ढुलाई के लिए कंटेनर और हवाई जहाज की मिलेगी सुविधा : मुख्यमंत्री

### रीवा एयरपोर्ट से बदलेगी विन्ध्य की तस्वीर और तकदीर





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** रीवा के नवनिर्मित एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बनारस से वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आपने जब मुझे तीसरी बार आशीर्वाद दिया तो मैंने कहा था कि अब तीन गुना रफ्तार से विकास के कार्य होंगे। नई सरकार बनने के 125 दिन के भीतर 15 लाख करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं में काम शुरू हो गया है। इनके माध्यम से किसानों और गरीबों को विकास के अवसर दिए जा रहे हैं। पूरे देश में अधोसंरचना विकास के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। विकास के लिए निवेश नागरिकों की सुविधा और नौजवानों को रोजगार का अवसर देने के लिए है। फोरलेन हाईवे, रेलवे और एयरपोर्ट का निर्माण केवल ईंट सीमेंट का काम नहीं है यह लाखों लोगों के रोजगार और विकास के साधन हैं। देश में वर्ष 2014 में केवल 70 एयरपोर्ट थे। आज देश में 158 एयरपोर्ट हैं। रीवा में आयोजित लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने दीवाली के पहले ही विन्ध्यवासियों को दीवाली का बहुत बड़ा तोहफा दिया है। एयरपोर्ट से विन्ध्य के विकास के द्वार खुलेंगे। विन्ध्य में प्राकृतिक संपदा और विकास के हर संसाधन उपलब्ध रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा ध्यान न देने के कारण विन्ध्य का समुचित विकास नहीं हो सका। अब विन्ध्य के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। रीवा में 1993 में रेल की भी सुविधा नहीं थी। आज यहाँ एयरपोर्ट की सुविधा उपलब्ध हो गई है। रीवा से भोपाल तक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से पूरे विन्ध्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक विकास के लिए निवेश होगा। उद्योगों की स्थापना से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। विन्ध्य में कृषि और खनिज पर आधारित उद्योगों का तेजी से विकास होगा। पूरे संभाग में फूड इंडस्ट्री की अच्छी संभावना है। विन्ध्य से माल ढुलाई के लिए शीघ्र ही कंटेनर और मालवाहक हवाई जहाज की सुविधा दी जाएगी। साथ ही विन्ध्य वासियों को 999 रुपए में एक माह तक हवाई यात्रा कराई जाएगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के प्रयासों तथा उड़ान योजना से गरीब आदमी को भी हवाई यात्रा की सुविधा मिल गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंभीर रोगियों को उपचार सहायता के लिए एयर एंबुलेंस और हेली सेवा शुरू की गई है। गंभीर रोगी को हवाई मार्ग से निःशुल्क बड़े अस्पताल ले जा रहे हैं। आज करवा चौथ के वृत के दिन रीवा को एयरपोर्ट की सौगात मिली है। इससे करवा चौथ का आनंद दुगना हो गया है। प्रधानमंत्री जी ने दीवाली से पहले ही विन्ध्य वासियों को दीवाली का तोहफा दे दिया है। प्रदेश में 6 हवाई अड्डों के साथ 25 हवाई पट्टियाँ विकसित की गई हैं। प्रदेश के हर जिले में हवाई पट्टी बनाई जाएगी। उज्जैन, शिवपुरी और दतिया के एयरपोर्टों का शीघ्र ही लोकार्पण होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम वनवास के दस से अधिक वर्ष विन्ध्य की पावन धरा पर रहे। भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट के विकास के लिए मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सरकार मिलकर प्रयास कर रही हैं। युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए हर संभाग में कौशल उन्नयन केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें प्रशिक्षण लेकर युवा अपना भविष्य संवारे। कृषि तथा दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। दूध उत्पादक किसानों को भी बोनस दिया जाएगा। प्रदेश में चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। 2003 तक प्रदेश में केवल पाँच मेडिकल कालेज थे। अगले दो सालों में प्रदेश में 37 मेडिकल कालेज हो जाएंगे। पूरे देश में सबसे पहले नदी जोड़ो अभियान मध्यप्रदेश में शुरू किया गया है। विन्ध्य क्षेत्र में अगले साल तक किसानों के खेतों तक माँ नर्मदा का पानी पहुंच जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री ने कन्यापूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने रीवा जिले में पर्यटन संभावनाओं के संबंध में तैयार वीडियो फिल्म का विमोचन किया।

## धान, ज्वार और बाजरा उपार्जन के लिए 6 जिलों में किसान पंजीयन आज तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों की मांग पर 6 जिलों में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अवधि 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। किसान पंजीयन की अवधि नर्मदापुरम, रीवा, सतना, सिंगरौली, दमोह और बैतूल जिले के लिए बढ़ाई गई है। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में 7 लाख 66 हजार से अधिक किसान पंजीयन कर चुके हैं।

## उद्योगों के विकास की सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा : मुख्यमंत्री



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचकर रीवा एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में शिरकत की। एयरपोर्ट परिसर में ही मुख्यमंत्री ने 23 अक्टूबर को आयोजित हो रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संबंध में संभाग के उद्योगपतियों से चर्चा की। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विन्ध्य में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इन्हें गति देने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उद्योगों के विकास की सभी बाधाएं दूर की जाएंगी। सभी उद्योगपति अपनी कठिनाईयों को उद्योग विभाग अवगत कराएं। हर जिले में निवेश संवर्धन केन्द्र खोल दिया गया है। इसके माध्यम से भी सरकार तक अपनी बात पहुंचाएं। उद्योगपतियों की स्थानीय कठिनाईयों को दूर करने की जिम्मेदारी कमिश्नर और कलेक्टर की है। निर्यात सुविधाओं के मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के उद्योगपतियों को उत्पादों के निर्यात के लिए कंटेनर की सुविधा मिलेगी। अब रेल के साथ मालवाहक हवाई जहाजों से भी परिवहन होगा। उद्योगपति केवल अपने लिए उद्योग नहीं चलाते हैं। आपके उद्योग से प्रदेश और देश का विकास होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हर माह संभागीय मुख्यालयों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। जब कुँआ खुद प्यासे के पास जा रहा है तब उद्योगों को भला कौन सी कठिनाई होगी। उद्योगपतियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धान की मिलिंग के संबंध में जो कठिनाईयाँ हैं उन्हें दूर करने के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। मिलिंग नीति में राइस मिलर्स के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उद्योगों के वर्ष 2022-23 के अनुदान की राशि जारी कर दी गई है। अब अनुदान की राशि सीधे उद्योगपति के खाते में जारी की जाएगी। विन्ध्य क्षेत्र के विकास की हर बाधा दूर की जाएगी। मैं रीवा का दामाद हूं। रीवा के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखूंगा।

मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित रीवा तथा मऊगंज के उद्योगपतियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिंगरौली, सीधी, मैहर तथा सतना के उद्योगपतियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों पर दोहरा कराधान नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अक्टूबर को रीवा में पूरे विन्ध्य के औद्योगिक विकास के लिए विचार मंथन होगा।

# दो चोर गिरफ्तार, 4 चोरियों का हुआ खुलासा

## आरोपियों के पास से चोरी का माल बरामद




**मीडिया ऑडीटर, मऊ निप्र।** चित्रकूट के बरगढ़ क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा किया। थाना प्रभारी राकेश मौर्या ने जानकारी दी कि पुलिस ने दो चोरों, अबरार और नीरज, को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से सोने-चांदी के जेवरात और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

**सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई:** बीती शाम मिली सूचना के आधार पर एसओजी और थाना बरगढ़ की पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई की और आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। पूछताछ के दौरान, दोनों आरोपियों ने बताया कि वे अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पिछले तीन महीनों में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

**चोरी की घटनाओं का विवरण:** आरोपियों ने बताया कि पनिहाई रोड मौजा सेमरा में एक घर से जेवरात और रुपये, मस्तान साहब बाबा की कुटी के पीछे एक मकान से जेवरात और रुपए, और स्टेशन रोड के बगल में स्थित मकान से जेवरात और रुपए चुराए थे। इसके अलावा, कोलमजरा मोड के पास स्थित एक मकान से जेवरात, लैपटॉप और रुपए भी चोरी किए थे। सभी चोरी के माल को आपस में बांटकर, जेवरात को सुरक्षित स्थान पर रखा गया था, जबकि लैपटॉप किसी अंजान व्यक्ति को बेच दिया गया था।

**अभियोग पंजीकृत:** गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना बरगढ़ में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओजी के प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, आरक्षी रोहित सिंह, रोशन सिंह, पवन राजपूत, गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा के साथ-साथ थाना प्रभारी राकेश मौर्या, उपनिरीक्षक पवन प्रधान, राधेश्याम सिंह और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## विकासखण्ड स्तरीय सुरक्षा जवान भर्ती मेला आज अमरपाटन में

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर/हाउस कीपिंग पद की भर्ती के लिये जिले की समस्त शासकीय आईटीआई संस्थाओं में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 24 अक्टूबर तक जिले की शासकीय आईटीआई संस्थाओं में अलग-अलग तिथियों में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर सिक्योरिटी सर्विस में सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर/एनसीओ/हाउस कीपिंग पद के लिये योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 21 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 22 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई बिरसिंहपुर तथा 24 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई सतना में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आयु 18 से 37 वर्ष आयुवर्ग तथा योग्यता 8वीं, 10वीं पास/फेल, 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर योग्यता अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए भर्ती प्रबंधक मो. 9981808847, 6263787387 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## पटाखा दुकानों की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** आगामी दीपावली एवं देव उठनी एकादशी त्योहार को देखते हुए अस्थाई आतिशबाजी पटाखा दुकान के संचालन एवं आम जनमानस की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विस्फोटक नियम 2008 तथा शासन के निर्देशों का पालन कराए जाने के लिए 21 अक्टूबर को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

# नगर पालिका की लापरवाही पर भड़के डीएम

## दीपावली मेले की तैयारियों में जुटे, बोले-श्रद्धालुओं की सुविधाओं का रखा जाए ध्यान





**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में दीपावली मेले की तैयारियों को लेकर जिला अधिकारी (डीएम) शिवशरण अप्पा ने पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों पर नाराजगी जताई और कार्यों में लापरवाही के लिए जमकर फटकार लगाई। उनके साथ सदर एसडीएम पूजा, डीपीआरओ और अन्य प्रमुख अधिकारी भी मौजूद थे।

**श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यानः** डीएम अप्पा ने कहा कि हर साल लाखों श्रद्धालु कामदगिरि की परिक्रमा के लिए चित्रकूट आते हैं। इस बार दीपावली अमावस्या पर करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। उन्होंने नगर पालिका और डीपीआरओ को निर्देश दिए कि पंडाल और रोशनी की व्यवस्था की जाए। साथ ही, विद्युत विभाग के एसडीओ को सड़कों पर तत्काल लाइट लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**महंत का संदेश:** भारत मंदिर के महंत दिव्या जीवनदास ने बताया कि भगवान श्री राम ने वनवास के दौरान 11 साल, 11 महीने और 11 दिन चित्रकूट में बिताए थे। उनका दीपावली के दिन लौटना श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने बताया कि अमावस्या के दिन परिक्रमा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**विशेष सुरक्षा और सुविधा व्यवस्था:** प्रशासन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष सुरक्षा और सुविधा व्यवस्था करने में जुटा हुआ है। डीएम ने सभी संबंधित विभागों को अभी से तैयारियों में जुटने का आदेश दिया और कहा कि किसी भी समस्या का समाधान आपसी सामंजस्य से किया जाए।

## सड़क पर बैठे मवेशी बने हादसे का सबब

## दीवार तोड़कर घर मे जा घुसी कार, गाय को बचाने की कोशिश में बेकाबू हुई



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना जिले के जसो थाना इलाके में सड़क पर बैठे मवेशी एक बार फिर हादसे का सबब बन गए। मवेशी के चक्कर मे एक कार बेकाबू हो कर दीवार तोड़ते हुए एक घर मे जा घुसी। हादसे में कार चालक घायल हुआ है। जानकारी के मुताबिक, जसो थाना क्षेत्र में रेउसा गांव के पास तेज रफ्तार से जा रही कार बेकाबू हो कर सड़क से उतरी और सीधे घर मे जा घुसी।

कार पर अनुज उर्फ प्रिंशु चौबे सवार था। कार को ड्राइव भी वही कर रहा था। कार टकराने से घर की दीवार तो क्षतिग्रस्त हुई ही ड्राइव कर रहा अनुज भी घायल हो गया। उसे आनन फानन में नागौद अस्पताल ले जाया गया।

**मवेशियों के कारण आए दिन हो रहे हादसे:** सड़क पर बैठे और घूमते रहने वाले मवेशी लगातार हादसों का सबब बन रहे हैं। सफर के दौरान आए दिन दो पहिया - चार पहिया वाहनों पर सवार लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के बजाय अस्पताल पहुंच रहे हैं।

## कुश्ती दंगल प्रतियोगिता, पहलवानों के बीच हुआ कांटे का मुकाबला

## विजेता को किया गया सम्मानित



**मीडिया ऑडीटर, मऊ निप्र।** मऊ के खंडेहा गांव में दशकों पुरानी परंपरा के अनुसार आज विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस दंगल के पहले दिन पहलवानों ने शानदार कुश्ती कला का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।

दंगल का शुभारंभ समिति प्रबंधक अरुणेंद्र सिंह ने बजरंग बली की बेदी में नारियल और पुष्प अर्पित करके किया। इसके बाद उन्होंने झांसी के नितिन सिंह और आगरा के विवेक पहलवान का हाथ मिलाकर कुश्ती की शुरुआत कराई।

**विजेता को किया गया सम्मानित:** इस दौरान युवा नेता ज्ञान सिंह ने महिला पहलवान चांदनी भोपाल और गुनगुन कटनी का हाथ मिलाकर दूसरी कुश्ती की शुरुआत की। पहले मुकाबले में झांसी के नितिन और गुनगुन के बीच हुई कुश्ती में गुनगुन विजेता रहीं। दंगल में फतेहपुर के विनोद पहलवान, बांदा के सहादेव, चकवा के संतलाल, महुवा गांव के विवेक, घाटमपुर के विजय, खंडेहा के छेद्दू, गिरवां के राजकिशोर, पन्ना के मुकेश और चित्रकूट के मदनलाल जैसे कई नामी पहलवानों ने शानदार कुश्तियां की।

इस भव्य आयोजन में मानिकपुर के विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, पूर्व सांसद आर.के. सिंह पटेल, समाजसेवी रामबहोरी केशरवानी, नेता राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, राजेंद्र बलुवा, अनिल कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य राजेश सिंह, संतोष सिंह, धीरेन्द्र सिंह, अंकुर सिंह, नीरज सिंह, अम्बुज सिंह, अजीत सिंह, अर्जुन सिंह और रामस्वरूप सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चलती ट्रेन से गिरा युवक, मौत

## कर्वी रेलवे स्टेशन के पास की घटना, मध्य प्रदेश से घर लौट रहा था



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट धाम के कर्वी रेलवे स्टेशन के पास शनिवार रात एक दुखद हादसा हो गया। सतना, मध्य प्रदेश से अपने घर अतर्रा जा रहे पवन कुमार ट्रेन से गिर गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना रात करीब 11 बजे की है।

**चलती ट्रेन से नीचे गिरा:** मृतक पवन कुमार अपने घर लौट रहे थे जब यह हादसा हुआ। जैसे ही ट्रेन चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन के पास पहुंची, वह अज्ञात कारणों से चलती ट्रेन से नीचे गिर गए। यात्रियों ने तुरंत इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी (रेलवे सुरक्षा बल) की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की प्रक्रिया शुरू की।

रविवार को पुलिस द्वारा शव को जिला मुख्यालय ले जाया गया। जहां पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है, ताकि हादसे की असली वजह का पता लगाया जा सके।

## दीवार गिरने से वृद्धा की मौत, घर के बाहर कच्ची दीवार के किनारे मिट्टी भरते समय हादसा



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट के मऊ थाना क्षेत्र के सिलौटा गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ। मिट्टी भरते समय दीवार गिरने से 60 वर्षीय ननकी देवी की मौत हो गई। यह घटना शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे की है, जब ननकी अपने घर के बाहर कच्ची दीवार के किनारे मिट्टी डाल रही थी। अचानक दीवार भरभरा कर उनके ऊपर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

परिजन तुरंत उन्हें रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन उनकी हालत को देखते हुए उन्हें सोनेपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शनिवार देर रात इलाज के दौरान ननकी ने दम तोड़ दिया।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। पोस्टमार्टम रविवार दोपहर 1 बजे कराया गया। परिजनों ने बताया कि यह हादसा अचानक हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।